




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 288 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 31 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-



आवश्यकता है

**मीडिया हाउस**

में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।

8 से 10 हजार रुपए तक वेतन

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659


# छत्तीसगढ़ में पीएम पर भारी सीएम का चेहरा!

## भाजपा के लिए 5 चुनावी राज्यों में सबसे बड़ा सिरदर्द बना छत्तीसगढ़

श्रीकंचनपथ न्यूज़

भिलाई। जिन 5 राज्यों में वर्षांत तक चुनाव होने हैं, उनमें भाजपा के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द छत्तीसगढ़ ही है। भले ही कांग्रेस यहां सामूहिक नेतृत्व से चुनाव लड़ने की बात कह रही हो, लेकिन राज्य में कांग्रेस का चेहरा सीएम भूपेश बघेल ही होंगे। भाजपा में सीएम के लिए किसी एक चेहरे को सामने लाने से असंतोष उभरने का खतरा है, इसलिए पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ सकती है। वैसे, छत्तीसगढ़ में भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती सीएम बघेल ही हैं। कांग्रेस की नीतियां, खासकर छत्तीसगढ़ियावाद का उसके पास कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में भाजपा पर चुनावी मुद्दे भी इसी आधार पर तय करने का दबाव है। इस लिहाज से देखें तो छत्तीसगढ़िया दाऊ, प्रधानमंत्री मोदी पर भारी पड़ते दिखते है।



पिछले दिनों अमित शाह ने चुनाव तैयारियों को लेकर समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने बेहतर कार्ययोजना के साथ प्रदेश में सरकार बनाने का फार्मूला दिया। पार्टी सूत्रों की मानें तो इसमें यह बात भी स्पष्ट हुई कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुकाबले भाजपा के लिए छत्तीसगढ़ ज्यादा बड़ी चुनौती है। राजनीतिक प्रेक्षकों की माने तो भाजपा के लिए आदिवासी सीटों पर स्थितियां ज्यादा संघर्षपूर्ण है। आंतरिक सर्वेक्षण के अनुसार पार्टी को बस्तर और सरगुजा की 29 आदिवासी सीटों पर अधिक मजबूत पकड़ बनाने की जरूरत है। 2018 के चुनाव में 29 आदिवासी सीटों में भाजपा को केवल तीन सीट मिली थी। बाद में दंतेवाड़ा उपचुनाव में भी भाजपा ने हार मिली। विगत चुनाव में कांग्रेस को 68 तो भाजपा को 15 सीटें मिली थी। वर्तमान में कांग्रेस के पास 71 सीटें हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास महज 13 सीटें ही हैं।

### डॉ. रमन के लिए संभावनाएं खत्म?

देश में दो राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी और कांग्रेस के दो प्रमुख चेहरे है। बीजेपी से पीएम मोदी का और कांग्रेस से राहुल गांधी का चेहरा हैं। अक्सर देखा जाता है कि बड़े राज्यों को छोड़कर यानी यूपी जैसे राज्यों को छोड़कर बीजेपी मोदी के चेहरे पर ही अधिकांश राज्यों में चुनाव लड़ती है। वहीं छत्तीसगढ़ की बात करें तो राजनीतिक जानकर मान रहे है कि छत्तीसगढ़ में पहले बीजेपी डॉ. रमन सिंह के चेहरे पर चुनाव लड़ती थी, लेकिन इस बार पीएम मोदी के चेहरे पर चुनावी मैदान में उतर रही है। पार्टी नेतृत्व ने डॉ. रमन को संगठन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर उन्हें दिल्ली शिफ्ट कर दिया है। इससे उनके लिए राज्य में भावी संभावनाएं लगभग खत्म हो गई है। कांग्रेस में रणनीति इससे अलग है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राहुल गांधी नहीं बल्कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। इसकी घोषणा खुद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने संगठन की कमान संभालते हुए ही कर दी थी।

### एकजुटता पर जोर

भाजपा के विपरीत कांग्रेस में आपसी सामंजस्य, संतुलन और एकजुटता पर जोर दिया गया है। पिछले एक-डेढ़ महीने के घटनाक्रम से यह संकेत मिलता है कि पिछले चुनाव की ही तरह पार्टी मिल-जुलकर और सामूहिक नेतृत्व से चुनाव लड़ेगी। चेहरा जरूर सीएम भूपेश बघेल का होगा। चुनाव से पहले पार्टी नेताओं के आपसी मतभेद दूर करने की पहल हुई। नतीजतन टीएस सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। फिर सत्ता और संगठन में संतुलन बरकरार रखने के लिए कई निर्णय लिए गए। इसके तहत मोहन मरकाम की जगह दीपक बैज को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जबकि मरकाम को केबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई। अंत में सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि राज्य में पार्टी पूरी तरह से एकजुट है। हालांकि इन मामले में कुछ हस्तक्षेप कांग्रेस हाईकमान को भी करना पड़ा। किन्तु इसके पीछे भी सीएम भूपेश बघेल की ही पहल थी।

### सर्वे रिपोर्टों से दोनों दल उत्साहित

हाल में कई तरह के सर्वे हुए और इन सर्वे की रिपोर्टों से न केवल कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी उत्साह है। सर्वे में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलते दिखाया व बताया गया है, लेकिन भाजपा को भी बहुमत से ज्यादा दूर नहीं बताया गया है। शायद यही वजह है कि भाजपा आलाकमान चाहता है कि प्रदेश संगठन और यहां के नेता उन सीटों पर ज्यादा फोकस करें जहां कम मार्जिन से फैसले हुए थे। इन सीटों की संख्या करीब 4 दर्जन बताई जा रही है। यदि भाजपा इसे रिकवर कर पाई तो उसके लिए सत्ता हासिल करना बेहद आसान हो जाएगा। फिलहाल भाजपा का पूरा जोर 46 सीटों पर है। दूसरी ओर कांग्रेस में इस बार कई कड़े फैसले लिए जाने के संकेत मिल रहे हैं। पार्टी में विधायकों के टिकट काटने की परंपरा आमतौर पर नहीं है, लेकिन इस बार जो संकेत मिल रहे हैं, उसके मुताबिक, दर्जनभर से ज्यादा विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं।

### माथुर दे चुके हैं संकेत

भाजपा के सीएम चेहरे को लेकर हाल ही में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने बिलासपुर में बयान दिया था। उनका कहना था कि सीएम फेस का निर्णय ना मैं कर सकता हूं ना यहां की टीम कर सकती है। बीजेपी संगठन आधारित दल है, सिस्टम की पार्टी है. यह किसी व्यक्ति, परिवार या समाज की पार्टी नहीं है. यहां सिस्टम बना हुआ है। सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड यह निर्णय करता है कि चुनाव किस तरह से लड़ा जाए और कौन चेहरा होगा। माथुर के मुताबिक, भाजपा ने कई जगह चेहरा घोषित करके लड़े है तो कई जगह बिना चेहरा घोषित किए भी लड़े है। माथुर के इस बयान के यह निहितार्थ भी निकाले जाते हैं कि छत्तीसगढ़ में किसी स्थानीय चेहरे को सामने लाने की बजाए सर्वस्वीकार्य चेहरे को रखा जाए। साथ ही, बहुमत की स्थिति में सीएम का फैसला दिल्ली से होगा। हालांकि प्रदेश संगठन के मुखिया पर दांव लगाने के भी चर्चे है।

## खास - खबर



### सीआरपीएफ जवान के लिए बनाया गया ग्रीन कोरिडोर, गंभीर हालत में दिल्ली किया गया रेफर

**जगदलपुर।** बीजापुर के 153 सीआरपीएफ बटालियन में तैनात जवान को सेब्रीरियल मलेरिया के चलते मेकाज में भर्ती किया गया, जहां उसकी खराब हालत को देखते हुए जवान को दिल्ली रेफर किया गया है। जवान की खराब हालत को देखते हुए शहर में ग्रीन कोरिडोर बनाया गया।

बताया जा रहा है कि असम निवासी एकन राय 25 वर्ष की अचानक से स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे बीजापुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए मेकाज में 28 जुलाई को भर्ती किया गया। जहां लगातार उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं दिखने के कारण आला अधिकारियों ने उसे दिल्ली रेफर करने की बात कही, जिसके चलते रविवार को एक प्लेन दिल्ली से बुलवाया भी गया था, लेकिन दिल्ली से प्लेन रविवार को निकल ही नहीं पाया। जिसके चलते सोमवार को प्लेन दिल्ली एसएस निकलकर हैदराबाद पहुंचा, जहां सुबह 11 बजे हैदराबाद से प्लेन जगदलपुर के लिए निकला। जगदलपुर के एयरपोर्ट में प्लेन उतरने के बाद टीम के द्वारा जवान को पूरी सुविधाओ से लैस एंबुलेंस में लेकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया।

### महिला ने लगाई 50 फीट ऊंचे पुल से नदी में लगा दी छलांग, मची अफ़रा-तफरी, ऐसी बची जान

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के राजिम के पुल पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक महिला ने लगभग 50 फीट ऊंचे पुल से महानदी में छलांग लगा दी। गनीमत यह रही की महिला पानी के बहाव में बहकर जलकुंभी के पास जाकर खड़ी हो गई। घटना के बाद पुल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस विभाग में दी। इसके बाद राज्य में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को पानी की गहराई एवं तेज बहाव के चलते मशक्कत का सामना करना पड़ा। काफी देर बाद महिला को पानी से सकुशल बाहर निकाला गया। दरअसल, यह घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। इस दौरान पूछताछ में पता चला कि महिला का नाम टिकेश्वरी साहू पति बोहरण साहू मानसिक रूप से बीमार है। महिला गरियाबंद के ग्राम सड़क परसूली गांव की निवासी है। घटना की जानकारी मिलते ही युवती का भाई मौके पर पहुंचा और महिला को अपने साथ ले गया।

# बीएसपी में नौकरी वापस दिलाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

## बिहार की शातिर दंपति ने किया कांड, पुलिस ने दर्ज किया केस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी में सीनियर मैनेजर के पद पर रहे एक शख्स से 25 लाख की ठगी हो गई है। बिहार के नालंदा में रहने वाले पति-पत्नी ने शख्स को नौकरी वापस दिलाने के नाम पर ठग लिया। दरअसल शख्स ने 2022 में बीएसपी की नौकरी से इस्तीफा दे दिया और बेंगलुरू की किसी कंपनी में जाना चाहा। लेकिन उस कंपनी की हालत खस्ता थी शो उसने फिर से बीएसपी में नौकरी करने का मन बनाया। इसी का फायदा उठाकर बिहार की दंपति ने शख्स को ठग लिया। इस मामले में शिकायत के बाद नेवई पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।




नेवई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्लाट न. ए/4, सडक नं.05, आशीष नगर, रिसाली निवासी स्वराज मल्लिक (39) बीएसपी में सीनियर मैनेजर के तौर पर पदस्थ था। बीएसपी से भी अच्छी नौकरी की चाह में उसने 31 मार्च 2022 को नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह बेहतर नौकरी की तलाश में बेंगलुरू चला गया लेकिन बंगलौर में जिस कम्पनी में नौकरी करना चाहता था वहां पर रूस एवं युक्रेन युद्ध के कारण छटनी का कार्य चल रहा था इस कारण मुझे डर लगने लगा कि कहीं मेरी भी नौकरी न चली जाए। इस वजह से इस्तीफा देने के बाद बीएसपी में दोबारा नौकरी पाना आसान नहीं था। इस दौरान स्वराज के पुराने परिचित बीएसपी में आपरेटर कम टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत संतु कुमार से मिला। संतुकुमार ने बताया कि नांलदा बिहार के रहने वाले अजय चौहान उसकी नौकरी वापस दिला सकते हैं। इसके बाद स्वराज ने अजय चौहान से मुलाकात की।

अजय चौहान ने बताया कि इस्पत मंत्री उसके गांव के हैं और उससे अच्छी जान पहचान है वह आपका काम करा देंगे। स्वराज उनके झांसे में आ गया। इसके बाद अलग अलग मौकों पर अजय चौहान ने अपनी पत्नी के अंतिमा के खाते में पैसे जमा करवाए। 15 जून 2022 से 02 नवम्बर 2022 तक अजय चौहान ने 25 लाख 32 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। इधर जब भी नौकरी वापसी की बात होती तो टाल मटोल कर देता। इसके बाद स्वाराज को अहसास हुआ उसके साथ ठगी हुई है। शिकायत के बाद नेवई पुलिस ने दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# चलती ट्रेन में कांस्टेबल ने की फायरिंग आरपीएफ एएसआई समेत चार की मौत

■ जयपुर मुंबई एक्सप्रेस की घटना, आरोपी कांस्टेबल गिरफ्तार



आरोपी कांस्टेबल

**मुंबई।** सोमवार की सुबह चलती ट्रेन में फायरिंग में आरपीएफ स्‍ढ समेत चार की मौत हो गई है। घटना महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस ट्रेन में हुई है। बताया जा रहा है कि एक आरपीएफ कांस्टेबल ने अपने सीनियर एएसआई पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना में एएसआई और 3 अन्य यात्रियों की गोली लगी जिससे उनकी मौत हो गई है। फायरिंग करने वाले कांस्टेबल का नाम चेतन बताया जा रहा है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चारों शवों को शताब्दी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार सुबह करीब 5 बजे के करीब को घटी। फायरिंग जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन (12956) की बी 5 बोगी में हुई। यह ट्रेन जयपुर से मुंबई जा रही थी। बताया जा रहा है कि ट्रेन पालघर स्टेशन से कुछ दूरी पर ही निकली थी। सुबह 5.23 बजे वापी से बोरीवलीमीरा रोड स्टेशन के बीच आरपीएफ कॉन्स्टेबल ने अचानक ट्रेन में फायरिंग कर दी।

फायरिंग में 4 लोगों को गोली लगने से मौत हो गई। मरने वालों में एक आरपीएफ एएसआई टीका राम और तीन यात्री बताए जा रहे हैं। टीका राम एस्कॉर्ट प्रभारी थे। बताया जा रहा है कि फायरिंग करने वाले की पहचान आरपीएफ कॉन्स्टेबल चेतन के तौर पर हुई है। चेतन एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात था। वह फायरिंग करके ट्रेन से कूद गया लेकिन उसे मीरा रोड बोरीवली के बीच गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से हथियार भी जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि आरपीएफ कांस्टेबल और उसके सीनियर एएसआई में किसी बात को लेकर तनातनी और कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद कांस्टेबल ने गुस्से में आग बबूला होकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। कांस्टेबल चेतन को लेकर कहा जा रहा है कि वह मानसिक तनाव में था। मुंबई में डीआरएम नीरज वर्मा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। वहीं घटना के जिम्मेदार आरक्षक ने यह नहीं बताया कि उसने फायरिंग क्यों की है। बहरहाल इस घटना बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 11 अगस्त को छत्तीसगढ़ आ सकते हैं खड़गे, जांजगीर-चांपा में हो रही तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। प्रदेश में लगातार राष्ट्रीय नेताओं का दौरा चल रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी दौरा होने वाला है। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 11 अगस्त को खड़गे के दौरे की तैयारी चल रही है। दरअसल इसी दिन मिनीमाता की पुण्यतिथी है और इसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हो सकते हैं।

बतााया जा रहा है कि कार्यक्रम का आयोजन जांजगीर-चांपा जिले में होगा। यहां से कांग्रेस के विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत हो सकती है। जांजगीर-चांपा जिले की ज्यादातर सीटें अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है। यहां अविभाजित जांजगीर जिले की छह में सिर्फ दो सीट पर कांग्रेस विधायक हैं। बाकी दो सीट पर बीजेपी और दो सीटों पर बसपा के विधायक हैं।

# सीएम बघेल ने युवाओं के खाते में ऑनलाइन ट्रांसकर किए 31 करोड़ से ज्यादा रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सीएम भूपेश बघेल ने आज सोमवार को अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन बेरोजगारी भत्ता योजना की चौथी किश्त बांटी। इस दौरान 1 लाख 22 हजार 625 युवाओं के खाते में 31 करोड़ 71 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया। योजना के तहत अब तक 112 करोड़ रुपए से अधिक की राशि युवाओं खाते में ट्रांसफर की जा चुकी है।



कार्यक्रम में 1 लाख 22 हजार 625 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के तहत 31.71 करोड़ रूपए की राशि बांटी गई। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत अब तक 80 करोड़ 72 लाख 30 हजार रुपए की राशि युवाओं के खाते में भेजी जा चुकी है। इस प्रकार जुलाई महीने की राशि शामिल करने पर अब तक 112 करोड़ रुपए की राशि युवाओं के एकाउंट में जा चुकी है। इतना ही नहीं बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के साथ ही युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए भी चिन्हांकित किया जा रहा है, जो युवा कौशल प्रशिक्षण चाहते हैं, उन्हें विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। 4 हजार 228 युवाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं 1 हजार 791 युवाओं का प्रशिक्षण जल्द दिया जाएगा।

# राजनीति के अखाड़े में तंत्र-मंत्र का जुगाड़

श्रीकंचनपथ




अकेले मेहनत से कोई सफल नहीं होता इसके हजारों-लाखों सबूत मिल जाएंगे। मेहनत करने वालों को भी सही अवसर और सुखद संयोगों की जरूरत पड़ती है। मेहनत तो वह स्वयं कर सकता है पर सही संयोग नहीं पैदा कर सकता। इसलिए ईश्वरीय सत्ता की स्वीकार्यता है, ईश्वर को मनाने और अपने पक्ष में करने के उपाय हैं। हिन्दू मत में विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा, तंत्र-मंत्रों की सिद्धि और पाठ-हवन यही विकल्प उपलब्ध कराता है। इससे कुछ होता भी है नहीं, इसके प्रमाण भले ही उपलब्ध न हों पर इसका परोक्ष लाभ तो होता ही है। सही दरबार में माथा टेककर अर्जी लगा देने का यह फायदा जरूर होता है कि व्यक्ति का आत्मविश्वास और उत्साह दोबाला हो जाता है। वह दुगने उत्साह के साथ अपने काम काज में जुट जाता है। इसका लाभ उसे अवश्य मिलता है। फिलहाल, तीन राज्यों में चुनावी माहौल है। अभी सावन का महीना चल रहा है। इस साल सावन दो माह का है। इसलिए पूजा और अनुष्ठान के लिए पर्याप्त वक्त भी मिल रहा है। छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इन पचहत्तर सालों में हुए विकास को लेकर बहस हो सकती है पर निर्विवाद तथ्य यह है कि राजनीति अब स्वयं एक पेशा बन गई है. नेताओं की बाढ़ आई हुई है। ऐसे में अपने भाग्य की लकीर दो-चार अंगुल लंबी करने की हर कोशिश टिकटार्थी कर रहे हैं। ज्योतिषियों के पास और सिद्ध पीठों में नेताओं की कतारें लग रही हैं। ग्रहों को साधने के लिए काशी के विशालाक्षी देवी मंदिर, धूमावती देवी मंदिर, मणिकर्णिका घाट के राजराजेश्वरी धाम, गुवाहाटी की कामाख्या देवी शक्तिपीठ, मिर्जापुर के अष्टभुजी कालीखोह मंदिर, राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी सरकार, दतिया स्थित मां बगलामुखी धाम, बीरभूम (पश्चिम बंगाल) के तारापीठ, हिमाचल के नैना देवी व हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर तक में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं के अनुष्ठान चल रहे हैं। इनमें मंत्री, विधायक, पूर्व मंत्री-विधायक, निगम-मंडल के अध्यक्ष से लेकर जिला पंचायत स्तर तक के नेता शामिल हैं। अनेक नेता वेटिंग लिस्ट में नाम लिखाकर अपाइंटमेंट कन्फर्म होने की प्रार्थना कर रहे हैं। अपनी लकीर बड़ी करने की इस जुगत के बाद प्रतिद्वंद्वी की लकीर छोटी करने के भी अनुष्ठान होंगे। इसमें मारण-उच्चाटन जैसी क्रियाएं भी होंगी। इसीलिए पैसा राजनीति का अविभाज्य हिस्सा बन गया है. जितना बड़ा अनुष्ठान, उतना ज्यादा खर्च। काश! इन लोगों का शैशवावस्था में ही जातिकर्म हुआ होता, कुण्डली बनवा ली गई होती। ग्रह-नक्षत्रों के अनुसार उसके पूरे जीवन का ब्लूप्रिंट तैयार जो जाता. बेकार में कोई इंजीनियरिंग कोर्स में सिर खपा रहा था तो किसी ने अपना आधा जीवन आईएस, आईपीएस अधिकारी बनकर सरकार की सेवा में गुजार दिया। जातिकर्म का सबसे बड़ा लाभ यह होता कि जिसकी कुण्डली में राजयोग नहीं होता, वह बेकार की मेहनत करने से बच जाता।




## संपादकीय

# पवार क्या करेंगे

अगर आखिरी पलों में कोई अप्रत्याशित बदलाव न हुआ तो मंगलवार को पुणे में राजनीति अपनी एक दिलचस्प तस्वीर पेश करेगी। उस दिन वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार दिया जाना है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस तो मौजूद रहेंगे ही, सरकार का हिस्सा बन जाने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी स्वाभाविक ही इसमें प्रमुखता से शिरकत करेंगे। यही नहीं, जिन चाचा से अलग होकर अजित पवार सरकार में गए हैं और जो शरद पवार लाख मनाने के बाद भी अपना खेमा बदलने को अभी तक तैयार नहीं दिख रहे, वह भी इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मंच पर बैठे नजर आएंगे। मजे की बात यह कि कई सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने प्रधानमंत्री के पुणे आगमन का विरोध करने और उन्हें काले झंडे दिखाने का भी कार्यक्रम रखा है, जिसमें NCP के शरद पवार धड़े के लोग भी होंगे। यानी कार्यकर्ता विरोध में और नेता मंच पर। विपक्षी खेमे के किसी नेता ने अब तक इस मसले पर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन मीडियाकर्मियों से बातचीत में वे अपनी चिंता सामने रख रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ऐसा करने से लोगों में विपक्षी एकता को लेकर गलत संदेश जा सकता है। सीनियर पवार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, लेकिन कार्यक्रम में किसी बदलाव का संकेत भी नहीं दिया गया है। देखना होगा कि विपक्षी खेमा इस मसले से कैसे निपटता है। लेकिन इसका एक और पहलू गौर करने लायक है। अगर प्रदेश राजनीति के संदर्भ में देखें तो अपनी पार्टी में टूट-फूट के बाद खुद शरद पवार के लिए यह जरूरी हो गया है कि वे अपने संभावित रुख को लेकर किसी तरह का संदेह न रहने दें। खासकर इसलिए भी कि भतीजे अजित पवार और उनके सहयोगी आम लोगों के बीच यह संदेश देने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि सीनियर पवार की सहानुभूति वास्तव में उनके साथ है। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से पार्टी कार्यकर्ताओं और वोटरों का अधिकाधिक हिस्सा उनके साथ बना रह जाएगा। दूसरी तरफ शरद पवार हैं कि अजित के साथ अपने पारिवारिक रिश्तों के मद्देनजर उनके खिलाफ कोई सख्त बयान तक नहीं दे रहे। तो क्या अब भी वह बीच की कोई राह निकालने की कोशिश में हैं, जिससे पार्टी में दिख रही फूट दूर हो जाए? अगर ऐसा हुआ तो खुद शरद पवार उस तरफ चले जाएंगे या अपने लोगों को इस तरफ खींचेंगे? राजनीति खासकर सीनियर पवार की राजनीति के लिए दोनों में से किसी भी संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। इस शैली के अपने नुकसान भी हैं लेकिन जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद के तमाम पुल एक-एक कर ध्वस्त हो रहे हैं, शरद पवार अपनी इसी राजनीति के बूते सभी पक्षों में प्रासंगिक बने हुए हैं।

“ खासकर इसलिए भी कि भतीजे अजित पवार और उनके सहयोगी आम लोगों के बीच यह संदेश देने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि सीनियर पवार की सहानुभूति वास्तव में उनके साथ है। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से पार्टी कार्यकर्ताओं और वोटरों का अधिकाधिक हिस्सा उनके साथ बना रह जाएगा। दूसरी तरफशरद पवार हैं कि अजित के साथ अपने पारिवारिक रिश्तों के मद्देनजर उनके खिलाफ कोई सख्त बयान तक नहीं दे रहे।

## कुछ और गारंटियां चाहिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी के रूप में लेने को कहा। 2019 में चुनाव जीतने के बाद मोदी ने अपने मौजूदा कार्यकाल में भारत की पांच ट्रिलियन की इकॉनमी बनाने का लक्ष्य घोषित किया था। लेकिन अब जबकि कार्यकाल अपने समाप्ति की तरफ है, अभी देश की अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन की भी नहीं हुई है। वैसे भी अर्थव्यवस्था का मूल्य बढ़ना और उसके आधार पर विश्व में किसी देश का दर्जा बढ़ना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसका श्रेय कोई नेता ले, तो उससे एक अजीबोगरीब संदेश ही जाता है। हकीकत यह है कि आज भी अगर प्रति व्यक्ति जीडीपी के पैमाने पर देखें, भारत का स्थान दुनिया में 128वां है। बहरहाल, चूंकि प्रधानमंत्री ने एक गारंटी दी है, जिसका चुनावी महत्त्व है, तो यह अपेक्षित है कि वे कुछ अन्य गारंटियां भी दें। मसलन, यह कि देश में बढ़ने वाली संपदा का अधिक न्यायोचित वितरण सरकार सुनिश्चित नहीं करती है, तो अर्थव्यवस्था में वृद्धि आम लोगों के लिए बेमतलब ही बनी रहेगी।

प्रधानमंत्री से अपेक्षा है कि वे इसके लिए एक विश्वसनीय योजना पेश करें। ऐसा करते हुए उन्हें कुछ खास समस्याओं पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। मसलन, इनसानों से सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई करवाना बंद करने की सालों से उठ रही मांगों के बावजूद यह अमानवीय काम आज भी जारी है। कूद मोदी सरकार ने यह संसद में माना है और बताया है कि इसमें हर साल कई लोगों की जान जा रही है। लोकसभा के चालू सत्र में ही सरकार ने बताया है कि पिछले पांच सालों में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई करने के दौरान पूरे देश में 339 लोगों की मौत के मामले दर्ज किये गए। इसका मतलब है इस काम को करने में हर साल औसतन 67.8 व्यक्तियों की जान गई। कानून के मुताबिक सफाई एजेंसियों के लिए सफाई कर्मचारियों को सुरक्षात्मक उपकरण देना अनिवार्य है, लेकिन एजेंसियां अक्सर ऐसा करती नहीं हैं। क्या इस स्थिति के रहते तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने से देश का गौरव सचमुच बढ़ सकेगा?

## भाजपा क्यों नहीं खत्म कर पाती गतिरोध?

संसद में पहले भी गतिरोध होते थे लेकिन न तो इतने लंबे समय तक टकराव चलता था, न इतनी संख्या में सांसद निलंबित होते थे और न संसद भवन परिसर में इतना प्रदर्शन होता था। आखिर टकराव इतना क्यों बढ़ गया है और यह खत्म क्यों नहीं होता है? इसके पीछे अगर कोई राजनीति है तो वह बहुत डीप सीक्रेट है, जिसके बारे में किसी को अंदाजा नहीं है। लेकिन संसदीय राजनीति को लंबे समय तक देखने वाले सभी लोग इस बात को समझ रहे हैं कि सरकार की कोई वास्तविक मंशा टकराव खत्म कराने की नहीं है। आखिर संसद के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी सरकार की होती है। अगर संसद सुचारू रूप से नहीं चल रही है तो इसका मतलब है कि सरकार की कोई अलग मंशा है।

असल में पिछले कुछ समय में पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच अनौपचारिक बातचीत लगभग पूरी तरह से बंद हो गई है। पहले अनौपचारिक बातचीत का चैनल हमेशा खुला होता था। पक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत होती थी। सांसद सेंट्रल हॉल में एक दूसरे से सहज भाव से मिलते जुलते थे। अनौपचारिक चर्चाओं से कई गतिरोध दूर करने में आसानी होती थी। इसके अलावा संसदीय कार्य मंत्री ऐसे नेता को नियुक्त किया जाता था, जिसका विपक्षी पार्टियों के नेताओं से निजी तौर पर अच्छा संबंध हो। भाजपा की ओर से प्रमोद महाजन से लेकर वेंकैया नायडू और अनंत कुमार तक यह जिम्मेदारी निभा चुके हैं। ये सारे नेता लंबे समय तक दिल्ली की राजनीति करने वाले थे। अब प्रहलाद जोशी संसदीय कार्यमंत्री हैं, जिनका समूचा अनुभव कर्नाटक की राजनीति का है और वहां भी वे महत्वपूर्ण नेताओं में नहीं गिने जाते हैं। इस वजह से भी गतिरोध दूर करने का उपाय नहीं निकलता है। ऐसा नहीं है कि वे अनजाने में संसदीय कार्य मंत्री बन गए हैं या अनजाने में अनौपचारिक बातचीत का चैनल बंद हो गया है।

“ जब यह वीडियो सामने आया, तो पता चला कि मामले की एक जीरो एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। जीरो एफआईआर का प्रावधान दिल्ली के निर्भया कांड के बाद किया गया था। इसके तहत महिला उत्पीड़न का मामला चाहे किसी भी थाना क्षेत्र का हो, किसी भी दूसरी जगह जाकर उसकी रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है। मगर इस पर आगे कुछ नहीं हुआ।

# सोशल मीडिया ने बदल दिए समीकरण

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार




यह बात 1980 की है। बिहार के भागलपुर की जेल में 30 से अधिक कैदियों की आंखों में तेजाब डालकर उन्हें अंधा कर दिया गया। कई दिनों बाद इस नृशंसता की खबर जब एक अखबार में छपी, तो पूरा देश हिल गया। हम 1987 में मेरठ के हाशिमपुरा में हुए नरसंहार को याद करें, इसकी भी रिपोर्ट पहले एक अखबार में छपी और फिर एक ऐसा सच सामने आया, जिस पर परदा डालने की पुरजोर कोशिश हो रही थी। ऐसे बहुत सारे मामले हैं। अखबारों और उनके निर्भीक पत्रकारों ने कई बार और शायद बार-बार इतिहास रचा है। अखबारों और उनकी खबरों पर लोग अब भी भरोसा करते हैं। बावजूद इन भविष्यवाणियों के कि अखबार अब बीते जमाने की बात है, और इनकी विदाई अब तय है। फिलहाल हम यहां अखबारों की चर्चा नहीं कर रहे, उस बहुत बड़े बदलाव या टैक्टॉनिक शिफ्ट की बात कर रहे हैं, पिछले दो दशक से जिसकी गवाह हमारी पीढ़ियां बन रही हैं।

मणिपुर की हिंसा का जो सच पिछले दिनों हमारे सामने आया है, उसका श्रेय न तो किसी अखबार को है, न दिन-रात हंगामे पर उतारू किसी टीवी चैनल को, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति को है, जिसके बारे में हम अभी कुछ नहीं जानते। सिर्फ इतना कहा जा सकता है कि उसके पास एक स्मार्टफोन था, जिससे वह चुपचाप उन्मादी भीड़ के पागलपन को रिकॉर्ड कर रहा था।

यह घटना उसी चुराचांदपुर की है, जहां पिछले महीने के अंत में राहुल गांधी गए थे। महिला आंदोलनकारियों ने आगे जाने के रास्ते रोक रखे थे, इसलिए वहां पहुंचने के लिए उन्हें हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। वे हिंसा के पीड़ितों से भी मिले और राहत शिविरों में भी गए। लौटकर उन्होंने कहा, मणिपुर को मरहम की जरूरत है। शांति हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मगर जो सच वीडियो से सामने आया, वह उनके इस दौरे से भी सामने नहीं आया था।

ऐसा भी नहीं है कि वीडियो सामने आने से पहले किसी भी पत्रकार ने इस घटना को रिपोर्ट नहीं किया। एक वेबसाइट की महिला पत्रकार ने हिम्मत दिखाई और वह किसी तरह आंदोलनकारियों द्वारा बंद कर दिए गए रास्तों को पार करती हुई चुराचांदपुर पहुंचने में कामयाब रही। वह वीडियो में दिखाई गई पीड़ित महिलाओं से भी मिली और वहां से लौटकर पूरी घटना को रिपोर्ट भी किया। यहां हम सोच सकते हैं कि खबर अगर वेबसाइट के बजाय किसी बड़े अखबार में छपी होती, तो शायद इस पर हंगामा भी होता। मगर उस खबर पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। वीडियो सामने आने के बाद उस खबर की चर्चा हुई, तो कुछ लोग जरूर उसे खोज-खोजकर पढ़ रहे हैं।

जब यह वीडियो सामने आया, तो पता चला कि मामले की एक जीरो एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। जीरो एफआईआर का प्रावधान दिल्ली के निर्भया कांड के बाद किया गया था। इसके तहत महिला उत्पीड़न का मामला चाहे किसी भी थाना क्षेत्र का हो, किसी भी दूसरी जगह जाकर उसकी रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है। मगर इस पर आगे कुछ नहीं हुआ। अब जब वीडियो सामने आया है, तो पुलिस सक्रिय हुई और उसने गिरफ्तारियां भी की। यह भी पता चला कि मामला राष्ट्रीय महिला आयोग तक भी पहुंचा था, लेकिन इसे लेकर सक्रियता वीडियो सामने आने के बाद ही दिखाई दी। वीडियो का राजनीतिक असर इससे भी समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री को भी मणिपुर पर अपनी चुप्पी तोड़नी पड़ी।

ठीक यहीं पर तीन साल पहले अमेरिका के मिनियापोलिस में हुई घटना को याद करना जरूरी है। वहां जार्ज फ्लॉयड नामक अश्वेत की गरदन एक पुलिस अधिकारी ने अपने घुटने से दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके पहले कि अगले दिन के अखबारों में इसकी खबर छपती, घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति द्वारा बनाया गया इसका वीडियो पूरी दुनिया में फैल गया। वीडियो के आते ही पूरा अमेरिका दहल गया। अमेरिका में 'ब्लैक लाइव मैटर्स' नाम का एक आंदोलन भी शुरू हुआ, जो कई दिनों तक चला।

मणिपुर हो या मिनियापोलिस, अगर वीडियो कैमरे पर रिकॉर्डिंग न की गई होती, तो शायद बात इतनी दूर तक नहीं जाती और लीपा-पोती करके इसे भुला दिया गया होता। बहुत से संगठन और विपक्षी दल इस पर हंगामा करते और कुछ दिनों बाद बात आई-गई हो जाती। कम से कम संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश करने जैसी नौबत तो नहीं आती। स्मार्टफोन सिर्फ चंद घटनाओं को रिकॉर्ड ही नहीं कर रहा, बहुत बड़े बदलाव का कारक भी बन रहा है। वह सिर्फ दृश्यों को कैमरे में कैद ही नहीं कर रहा, पूरे परिदृश्य को ही बदल रहा है।


इस समय देश में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या एक अरब से ज्यादा है। यानी, देश में 14 बरस से ऊपर की जितनी भी आबादी है, मोटे तौर पर सभी के पास स्मार्टफोन है। जहां भी कुछ लोग हैं, एक-न-एक स्मार्टफोन जरूर है। कोई भी मीडिया संगठन इतना बड़ा नेटवर्क तैयार नहीं कर सकता। यह सच है कि हर कोई हर दम अपने स्मार्टफोन पर शूटिंग नहीं करता, लेकिन जब सामने कोई होनी-अनहोनी हो, तो लोग खुद को रोक भी नहीं पाते। पिछले दिनों जब हिमाचल प्रदेश में आपदा आई, तो उसके जितने भी दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए ज्यादातर आम लोगों ने अपने स्मार्टफोन से ही बनाए थे। स्मार्टफोन ने आम लोगों का इस तरह से सशक्तीकरण कर दिया है कि जरूरत पड़ने पर वे पत्रकार की भूमिका में आ सकते हैं। जब भी हिमाचल की आपदा या मणिपुर की हिंसा का इतिहास लिखा जाएगा, तो उसमें ये वीडियो सरकारी दस्तावेजों से ज्यादा बड़े प्रमाण के रूप में मौजूद होंगे।

इसे संभव बनाने में सोशल मीडिया ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। परंपरागत मीडिया में खबर हो या वीडियो, उसे पेशेवर लोगों द्वारा दुरुस्त करके ही लोगों के सामने पेश किया जाता था। सोशल मीडिया ने इस समीकरण को बदल दिया है। वहां सामग्री एकत्रित करने और प्रस्तुत करने का जो तरीका है, उसे कहा जाता है— यूजर्स जेनरेटेड कंटेंट। यानी, पाठक ही वहां लेखक होता है, बहुत से दर्शक निर्माता-निर्देशक की भूमिका में आ जाते हैं। बेशक, बहुत से लोगों की भाषा खराब होती है, कई बार वीडियो धुंधले आते हैं, लेकिन इससे बहुत फर्क नहीं पड़ता। मीडिया का यह रूप ही हमारा वर्तमान है, भविष्य भी शायद इसी से निकलेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रेमचंद से पीछा छुड़ाकर नहीं चलेगा साहित्य का काम

अरविंद त्रिपाठी, प्रोफेसर व आलोचक



हिंदी के एक लेखक का प्रेमचंद से क्या रिश्ता है? आज जब हम प्रेमचंद को याद कर रहे हैं, तब हमें उनसे अपने रिश्ते को न सिर्फ जोड़ना होगा, बल्कि उन रिश्तों को परिभाषित भी करना होगा कि प्रेमचंद से हम क्या सीख पाए? उनकी परंपरा को कितना विकसित कर पाए? सच्चाई तो यह है कि आज के अनेक कथाकार प्रेमचंद का सिर्फ नाम जपते हैं, पर जब लिखने बैठते हैं, तो प्रेमचंद को चुनौती के रूप में स्वीकार करने के बजाय उनसे पीछा छुड़ा लेते हैं।

जाहिर है, प्रेमचंद की परंपरा के लेखन का अर्थ उनको दुहराना नहीं, बल्कि उनकी परंपरा को विकसित करना है। किसी लेखक की विरासत की हिफाजत आसन्न चुनौतियों से टकराकर एक नई राह बनाने से संभव होती है। निस्संदेह, प्रेमचंद के लेखन का भूगोल पूर्वी उत्तर प्रदेश की कठिन जिंदगी है। उनके कथा साहित्य के कई पात्र होरी, धनिया, घीसू, माधव, बुधिया सभी पूर्वांचल की उपज हैं। हिंदी के पास ऐसे और कितने पात्र हैं? प्रेमचंद कठिन जीवन के बीच सहज बोध के चितेरे हैं। उनकी परंपरा का अर्थ भारतीय किसान चेतना की खोज है। उनकी परंपरा एक लेखक के जीवन में गहरा त्याग, समर्पण व कठिन अध्यवसाय चाहती है। प्रेमचंद समय विद्ध थे और काल विद्ध भी, इसीलिए वह कल, आज और कल, तीनों समय में मौजूद हैं। वह एक लेखक के आत्मसंघर्ष और कठिन अध्यवसाय के प्रतिमान आज भी हैं। बिना उनसे टकराए आप कोई दूसरा प्रतिमान नहीं खड़ा कर सकते। इसलिए प्रेमचंद को आज श्रद्धा के बजाय एक चुनौती की तरह देखने की जरूरत है।

प्रेमचंद अपने समय में, स्वराज्य आंदोलन के दौर में, जीवन और रचना के सूत्र तलाश रहे थे। स्वराज आंदोलन के दौरान ही उन्होंने गांधीजी के आह्वान पर सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था। तब वह गोरखपुर में स्थित वर्तमान नॉर्मल स्कूल में उप विद्यालय निरीक्षक थे। 1921 में गांधीजी का भाषण सुनकर वह इसी नतीजे पर पहुंचे थे कि वर्तमान निजाम में खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो गया है। देश के आजादी हासिल करने के पहले ही उन्होंने लेखकीय आजादी हासिल कर ली थी। प्रेमचंद के साहित्य का लक्ष्य था- सामंती व्यवस्था और महाजनी सभ्यता से छुटकारा। 1930 में प्रकाशित विशाल भारत पत्र में मेरी अभिलाषा लेख में वह लिखते हैं, 'स्वतंत्रता संग्राम का अंतिम लक्ष्य स्वराज्य है, पर असली आजादी तो तब होगी, जब इस देश का किसान और मजदूर वर्ग आर्थिक गुलामी से मुक्त होगा।

कहना ही होगा कि प्रेमचंद के साहित्य की केंद्रीय चुनौती इस देश के साधारण आदमी के जीवन में आर्थिक गुलामी से मुक्ति है। वह आर्थिक दासता को मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी मानते हैं। यह दिलचस्प है कि गांधीजी से अत्यधिक प्रभावित होने के बावजूद वह जेल नहीं गए, क्योंकि वह मानते थे कि उनका मोर्चा साहित्य है, जिसे विकसित करने में वह आजीवन संलग्न रहे। आज लोग लेखन से भोग-विलास खोजने लगते हैं, लेकिन प्रेमचंद ने लिखा था, 'मेरी आकांक्षाएं कुछ नहीं हैं। इस समय तो सबसे बड़ी आकांक्षा यही है कि हम स्वराज संग्राम में विजयी हों। धन की लालसा मुझे नहीं रही। खाने भर को मिल जाता है, मोटर या बंगले की मुझे हवस नहीं। हां, यह जरूर कहना चाहता हूं कि दो-चार उच्च कोटि की पुस्तकें लिखूं, पर उसका उद्देश्य भी स्वराज विजय ही हो।' कहना न होगा कि प्रेमचंद के साहित्य के स्वप्न में आजादी का स्वप्न शामिल था, जो साधारण जनमानस की सब तरह की मुक्ति के प्रश्नों से जुड़ा था। जात-पात के भेदभाव, आर्थिक गैर-बराबरी, धार्मिक पाखंड, भाग्यवाद, स्त्री और दलित जीवन की मुक्ति के मार्ग उनके संपूर्ण साहित्य के विराट फैले हुए भूभाग हैं। वह अपनी कलम से मनुष्य की यातनाओं को समाज के बंधनों और परदेसी गुलामी के गहरे सवालों से हमेशा समयबद्ध होकर कलमबद्ध करते रहे।

अज्ञेय को आपत्ति थी कि प्रेमचंद की कथाओं में प्रकृति के जीवन का अभाव था। जाहिर है, प्रेमचंद स्वयं साधारण जीवन की रचना थे। वह समाज में हाशिये पर पड़े लोगों के जीवन-सच को रच रहे थे। उन्होंने कहा था कि हमें साहित्य में सौंदर्य की परिभाषा बदलनी होगी। सबको सोचना चाहिए, क्या ऐसा हो पाया?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# हर कदम चुनाव के रास्ते

हरिशंकर व्यास




भारत में पहले चुनाव के समय चुनाव होता था और बाकी समय में चुनी हुई सरकारें कामकाज करती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब सिर्फ चुनाव के समय चुनाव नहीं होता है, बल्कि सालों भर चुनाव चलता रहता है। सारे काम चुनाव के लिहाज से किए जाते हैं और सारे समय भाषण व रैलियां चुनावी अंदाज में होती हैं। यहां तक कि प्रधानमंत्री सरकारी कार्यक्रमों में भी चुनावी भाषण देते हैं। संसद से लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच तक से प्रधानमंत्री राजनीतिक भाषण करते हैं। अपने विपक्षियों को निशाना बनाते हैं। पिछली सरकारों को नकारा और निकम्मा ठहराते हैं। अपनी उपलब्धियां बताते हैं। कहीं कोई भी घटना हो तो यह विचार होता है कि इसका क्या चुनावी इस्तेमाल हो सकता है। हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा आई तो कहा जा रहा है कि आपदा तो केदारनाथ में आई थी और तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने कुछ काम नहीं किया था। वह आपदा में लोगों को बचा नहीं सकी और न उसके बाद बुनियादी ढांचे का विकास किया। वह सब मोदी की सरकार में हुआ है।

प्रधानमंत्री ने जनवरी 2023 में कह दिया कि अगले लोकसभा चुनाव में अब सिर्फ चार सौ दिन बचे हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं को हर मतदाता के घर घर जाकर उससे मिलना चाहिए। सोचें, चार सौ दिन पहले से कौन चुनाव शुरू करता है। लेकिन भारत में चार सौ दिन पहले ही चुनाव की घोषणा हो गई। वैसे तो भाजपा में अब एक चुनाव के बाद ही अगले चुनाव की तैयारी शुरू हो जाती है लेकिन इस बार चार सौ दिन पहले ही चुनाव का बिगुल बजा दिया गया। उसके बाद हर कदम चुनाव के रास्ते में है। विदेश जा रहे हैं तो वहां प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन में राजनीतिक भाषण हैं और नेताओं से गले मिल कर या हाथ मिला कर भारत में विश्वगुरू होने का नैरेटिव बना रहे हैं। विदेश यात्रा से लौट रहे हैं तो हवाईअड्डे पर ऐसा स्वागत हो रहा है, जैसे कोई बहुत बड़ी जंग जीत कर लौटे हैं। लोकसभा चुनाव के साथ साथ राज्यों के चुनाव के हिसाब से अलग काम चल रहा होता है। राजस्थान में नवंबर-दिसंबर में चुनाव होना है तो उससे पहले पिछले छह महीने में प्रधानमंत्री सात बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। हर बार कुछ बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन होता है और कांग्रेस के ऊपर हमला होता है।

समूचे राजनीतिक विमर्श और सरकारी कामकाज में चुनाव कितना अहम है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राम मंदिर का निर्माण और उद्घाटन भी चुनाव के हिसाब से होगा। मार्च में चुनाव की घोषणा होनी है तो जनवरी के अंत में अयोध्या में राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मंदिर समिति की ओर से प्रधानमंत्री को प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। उनकी सुविधा के हिसाब से 14 से 24 जनवरी के बीच का कोई दिन तय किया जाएगा। इसी तरह फरवरी-मार्च 2022 में उत्तर प्रदेश का चुनाव होना था तो दिसंबर 2021 में काशी कॉरिडोर का उद्घाटन हुआ था। यहां तक कहा जा रहा है कि इटली और इंडोनेशिया से पहले भारत में जी-20 की सालाना बैठक होनी थी लेकिन इसे दो साल बढ़ा कर सितंबर 2023 में इसलिए कराया जा रहा है ताकि 2024 के चुनाव में विश्वगुरू का नैरेटिव बनाया जा सके।

सो, जो भी कदम है वह चुनाव की राह में है। प्रधानमंत्री ने इस साल चुनावी वर्ष में युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटना शुरू किया है। पांच साल पहले चुनावी साल में किसानों को सम्मान निधि बांटना शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं, प्रधानमंत्री सम्मान निधि बांट रहे हैं, प्रधानमंत्री आवास बांट रहे हैं, प्रधानमंत्री अनाज बांट रहे हैं ताकि नमकहलालों के वोट लिए जाएं, प्रधानमंत्री ट्रेनों को हरी झंडी दिखा रहे हैं, प्रधानमंत्री दुनिया के देशों में जाकर रक्षा सौदे कर रहे हैं, प्रधानमंत्री हवन-पूजन करके सरकारी इमारतों का उद्घाटन कर रहे हैं और प्रधानमंत्री ही मंदिरों का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं। सब कुछ प्रधानमंत्री कर रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री के नाम पर चुनाव लड़ना है। प्रधानमंत्री को मणिपुर पर पीड़ा भी व्यक्त करनी है तो चुनावी राज्यों का जिक्र किए बगैर वह भी नहीं करना है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई होगी तो वह भी भ्रष्टाचार रोकने के लिए नहीं, बल्कि विरोधियों को परेशान करने के लिए या उन्हें प्रेरित करने के लिए कि वे भाजपा के साथ जुड़ें। पिछले दिनों भारत और बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम का मुकाबला हुआ, जिसमें अंपायर के गलत फैसले की वजह से मैच बराबरी पर छूटा तो संयुक्त रूप से ट्रॉफी उठाते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने बांग्लादेशी कप्तान से कहा कि अंपायर को भी बुला लो ट्रॉफी उठाने के लिए। उसी तरह भाजपा ने 38 पार्टियों का गठबंधन बनाया तो विपक्ष ने कहा कि सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग को भी बुला लो क्योंकि असली सहयोगी तो वे हैं। सो, सरकार चुनाव के लिए है, सरकारी योजनाएं चुनाव के लिए हैं, सरकारी एजेंसियां चुनाव के लिए हैं, मुकदमे चुनाव के लिए हैं, मंदिर चुनाव के लिए हैं और सेना की कार्रवाइयां भी चुनाव के लिए हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### लघु खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने कार्यशाला



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनांतर्गत संभाग स्तरीय एक कार्यशाला का आयोजन सीएसआईडीसी, रायपुर द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बिलासपुर के सहयोग से तिफरा स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुआ। कार्यशाला में अतिथि अनिल श्रीवास्तव, कार्यपालक संचालक, सीएसआईडीसी रायपुर एवं विशिष्ट हरीश केडिया अध्यक्ष छ. ग. लघु एवं सहायक उद्योग संघ की उपस्थिति में सीएसआईडीसी रायपुर की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के द्वारा योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उनके द्वारा बताया गया कि इस योजना का मुख्य उद्येश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी प्रदान कर उन्नयन किया जाना है। इस योजना के तहत् नवीन एवं स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाई अंतर्गत एकल स्वामी, भागीदारी, एफपीओ, एसएचजी एवं सहकारी संस्था को ऋण पर पात्र परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये तक अनुदान एवं परियोजना लागत का हितग्राही द्वारा न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान का प्रावधान है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक एम.एल. कुशरे द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना एवं औद्योगिक नीति 2019-24 के संबंध में तथा अग्रणी बैंक के प्रबंधक उरांव द्वारा योजना में बैंक की भूमिका के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उद्योग संघ के महासचिव श्री शरद सक्सेना, संभाग के उद्योग विभाग के जिला अधिकारी, सी.ए. एसोसियेशन के सदस्य, जिला पंचायत के अधिकारी, संभाग के उद्यमी, बैंकों के अधिकारी एवं स्व सहायता समूह के उद्यमी उपस्थित रहे।

### मार्शल आर्ट में जतिन को मिला स्वर्ण पदक

**कोरबा।** बिलासपुर के सरकंडा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट वावीनम चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कोरबा के हरदीबाजार निवासी जतीन उपाध्याय ने मार्शल आर्ट खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई है। जतिन की इस उपलब्धि से उसके परिजनों के साथ ही पूरे हरदीबाजार के लोगों में हर्ष का महौल व्याप्त है। मार्शल आर्ट खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोरबा के हरदीबाजार क्षेत्र में रहने वाले जतिल उपाध्याय ने गोल्ड मेडल जीतकर पूरे कोरबा का नाम राज्य स्तर पर रौशन किया है। बिलासपुर के सरकंडा में छत्तीसगढ स्टेट वावीनम चैंपियनशिप खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

# प्रशिक्षण से महिलाओं के लिए स्वरोजगार व विकास के खुलेंगे रास्तेः ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू आज दुर्ग जिले के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 'हमर हटरी स्वरोजगार की पटरी' निःशुल्क रोजगार प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। हमर हटरी स्वरोजगार की पटरी की महिलाओं ने मंत्री श्री साहू को स्वयं से तैयार की गई खुमरी और मटपरई शिल्प भेंट किए। मंत्री ने इस मौके पर अलग-अलग विधाओं के शिल्पकारों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




गौरतलब है कि हमर हटरी स्वरोजगार की पटरी का उद्देश्य बेरोजगार एवं अप्रशिक्षित महिला एवं युवा को प्रशिक्षित कर रोजगार व स्वरोजगार के लिए तैयार करना है।

मंत्री श्री साहू ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से ग्रामीण और शहरी महिलाओं के स्वरोजगार व विकास के लिए रास्ते खुलते हैं। प्रशिक्षित महिलाएं ज्यादा तटस्थ होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ती हैं। राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर उनके विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री श्री साहू ने कहा कि महिला प्रशिक्षण एवं रोजगार के माध्यम से ग्रामीण और शहरी महिलाओं का विकास करना है। स्वरोजगार मनुष्य के जीवन में बहुत बड़ा स्थान रखता है। पुरूष से ज्यादा आज महिलाएं घर की चार दीवारी से निकलकर स्वरोजगार के माध्यम से अपने घर की जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित हो रही है। आज हर क्षेत्र में सर्वाधिक नाम महिलाओं का होता है।

महिलाएं पुरूष से भी आगे बढ़कर काम रही हैं। महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर घर पर ही लघु उद्योग स्थापित कर सकती है। उन्होंने बताया कि गौठान में पशुधन के संरक्षण, संवर्धन, वर्मी कम्पोस्ट एवं कीटनाशक दवाईयों, गोबर पेंट आदि का निर्माण कार्यों से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है। हमर हटरी स्वरोजगार की पटरी के माध्यम से महिलाओं को मोमबत्ती, धूप बत्ती, वाशिंग पाउडर, हैंड वॉश, डिश वॉश, धान आर्ट, जूट आर्ट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को दैनिक एवं पारिवारिक जीवन में उपयोग होने वाले वस्तुओं के निर्माण करने की सलाह दी। मंत्री ताम्रध्वज साहू ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के मटपरई शिल्पकार अभिषेक सपन, पर्यावरण प्रेमी खिलेन्द्र कुमार साहू एवं नेशनल बॉडी बिल्डर रमेश हिरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला महाविद्यालय भिलाई प्राचार्य डॉ. संध्या मदन मोहन, संरक्षक डॉ. लीना साहू, पार्षद श्रीमती प्रेमलता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी के संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। वर्ष 2016 से यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी के विरूद्ध संपत्ति की कुर्की की कार्यवाही के संबंध में लंबित प्रकरण पर कुर्की का अंतिम आदेश जारी कर दिया गया है। निवेशकों के हितों का संरक्षण के अधिनियम 2005 के तहत निवेशकों से धन राशि जमा कराकर उनके धन की राशि वापस नहीं किये जाने के कारण यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी और संचालकों की संपत्तियों को कुर्क करने के लिए अंतरिम कुर्की आदेश को विशेष न्यायालय दुर्ग द्वारा अत्यांतिक (अंतिम) पुष्टि किया गया है।

कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा कुर्की की गई संपत्ति का विकय तथा निवेशकों को नियमानुसार राशि वापसी की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु तहसीलदार दुर्गए भिलाई-3 एवं पाटन को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संबंधित तहसीलदारों द्वारा 15 दिनों का ईश्तहार जारी कर दिया गया है। कंपनी के डायरेक्टर्स के द्वारा किसी प्रकार से आपत्ति/स्थगन आदेश प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में 15 दिवस उपरांत कंपनी के नाम पर धारित संपत्ति के नीलामी की तिथि निर्धारित की जाएगी।

विदित हो कि वर्ष 2016 से लेकर आज तक की स्थिति में कुल 10141 निवेशकों के द्वारा लगभग राशि 47,84,79,068 रूपये (अक्षरी-संतालीस करोड चौरासी लाख उन्नासी हजार अड़सठ रूपये मात्र ) की वापसी हेतु आवेदन किया गया है। निवेशकों की राशि वापसी हेतु कंपनी के नाम पर तहसील दुर्ग मिलाई-3 एवं पाटन में स्थित लगभग 50 एकड़ भूमि की नीलामी की कार्यवाही की जा रही है। जिला बालोद में स्थित लगभग 2 एकड़ भूमि को नीलामी हेतु जिला कलेक्टर बालोद को निर्देशित किया गया है। नीलामी की कार्यवाही में किसी प्रकार से न्यायालयीन बाधा नहीं आने की स्थिति में आगामी 01 से 02 माह के भीतर निवेशकों को राशि वापसी की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

## ग्राम्य भारती महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के रासेयो इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रव्यापी मेरी माटी-मेरा देश जन जागरण अभियान के तहत एक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण में लगे अनेक गुमनाम योद्धाओं तथा कारगिल विजय दिवस के वीरों की शहादत को नमन करते हुए महाविद्यालय के एनएसएस उद्यान, बोटैनिकल गार्डन, कार्यालय भवन समेत कुल 7 स्थानों पर एसईसीएल गेवरा प्रबंधन से प्राप्त आम, अमरूद, जामुन, बेल, शीशम इत्यादि लगभग 50 पौधों का रोपण किया तथा इनके देखभाल का प्रण लिया गया। इसके अलावा कटिंग एंड ग्राफ्टिंग कलम बांधना विधि से महाविद्यालय के लगभग 200 गमलों में फूल के पौधों का भी रोपण किया गया। इसमें मुख्य रूप से बोगेनविलिया, गुलाब, गुड़हल इत्यादि सम्मिलित हैं। मौके पर उपस्थित रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.अखिलेश पांडे ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति हमारी मां जैसी ही है तथा प्रतिदीप्त प्रकाश का निर्माण कर, बारिश के पानी का संरक्षण कर, पानी की अपव्यय कम कर, ऊर्जा संरक्षण कर तथा बिजली की खपत कम करके, हम पर्यावरण की वास्तविकता को बनाए रखने के मुहिम की ओर एक सुदृढ़ कदम बढ़ा सकते हैं। प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रासेयो के मनीष पैकरा, भारती कुंभकार एवं अन्य स्वयंसेवकों की भूमिका अहम रही।

### कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

## शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले 24 शालाओं के प्राचार्य सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक शनिवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द में आयोजित की गई। कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा 2023 के कक्षा 10वीं व 12वीं के परिणाम की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 24 प्राचार्यो को सम्मानित किया।




इस अवसर पर उन्होंने प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह सकारात्मक परिणाम देते रहे। बैठक में आगामी शिक्षा सत्र 2023-24 में बेहतर परिणाम लाने की कार्य योजना पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विशेष कार्यक्रम बनाकर सभी शालाओं में पिछले वर्ष से बेहतर परिणाम लाने का प्रयास करें।

बैठक में जिला प्रशासन महासमुन्द द्वारा किये जा रहे अभिनव पहल निःशुल्क आवासीय NEET/JEE कोचिंग - हेतु चयन परीक्षा का आयोजन व नव किरण सुपर 60 ( कक्षा 9वीं / 11वीं स्तर से ) चयन पर विशेष जोर दिया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती पूर्ण हो जाए तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षा के गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जाएगा, यहां शिक्षक विशेष प्रयास करते हुए बेहतर परिणाम दे।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी शालाओं में आबंटित राशि अनुसार खर्च करने व स्कूलों का रंग रोगन व पेंट करने के निर्देश दिए गए। संकुल प्राचार्य के कर्तव्य, दायित्व व निर्वहन पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जाति प्रमाण पत्र की प्रगति पर चर्चा करते हुए बच्चों के जाति प्रमाण पत्र शाला स्तर पर ही बनाने के निर्देश दिए। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। छात्रवृति का आवेदन करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के पास आधार नंम्बर हो एवं उसका लिंक बैंक एकाउंट से हो, यह सुनिश्चित किया जाए तथा छात्रवृति का आवेदन करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का जाति प्रमाण पत्र / आय प्रमाण पत्र चीप्स के सर्वर पर अपलोड किया गया हो और आवेदन से लिंक किया जाए।

बैठक में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, सरस्वती सायकल के वितरण की स्थिति, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान की गतिविधियों का संचालन, इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत् नवाचारी विज्ञान मॉडल / प्रोजेक्ट की तकनीक अपलोड करना एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू विज्ञान प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तहत प्रोजेक्ट निर्माण पर चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी, सहायक संचालक हिमांशु भारतीय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हाईस्कूल एवं हायरसेकंडरी स्कूल के प्राचार्य व संकुल श्रोत समन्वयक मौजूद थे।

# संकल्प शिविरः सीएम बघेल, दीपक बैज आएंगे, तैयारी में जुटे कांग्रेसी

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। अगस्त के पहले सप्ताह में होने जा रहे कांग्रेस के संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आएंगे। संकल्प शिविर की तैयारियों सहित कुछ अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इसमें ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक प्रभारियों और जोन प्रभारियों को संकल्प शिविर के लिए पूरी तरह तैयार रहने कहा गया।



रविवार को कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी और जिला प्रभारी चुन्नीलाल साहू ने बैठक ली। इस दौरान प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर पुनर्गठित किए जा रहे ज़ोन-सेक्टर- बूथ कमेटियों का अनुभागवार गठन पूर्ण कर तत्काल सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी को उपलब्ध कराने कहा गया। साथ ही विधानसभा स्तर पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति तत्काल कर जिला निर्वाचन कार्यालय और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को उपलब्ध कराने कहा गया। बूथ चलो अभियान के तहत कितनी बूथों में अभी तक बैठक नहीं हो इसकी जानकारी मांगी गई। साथ ही विधानसभा चुनाव 2018 के ऐसे पांच 5 मतदान केंद्रों का चयन करने कहा गया जहां पर कांग्रेस प्रत्याशी को सर्वाधिक मत मिले थे। इन बूथों के प्रभारियों को संकल्प शिविर में सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में आदित्य दीक्षित , रमेश सूर्या, गीतांजली कौशिक, लक्ष्मीनाथ साहू, राजू साहू, बिहारी देवनगंन, सुनील शुक्ला, नागेंद्र रॉय, रामरतन कौशिक, झगरराम सूर्यवंशी, यासीन खान,जगदीश कौशिक, नीरज जयसवाल,गणेश कश्यप, अंकित गौरहा, आशीष शर्मा, शेख़ निज़ामुद्दीन आदि मौजूद रहे।


जोन प्रभार बनाकर उन्हें ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा बनाए गए बूथ कमेटियों का परीक्षण कर अनुभागवार बूथ कमेटी बनाकर उसकी रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को देना लेकिन कुछ को छोड़कर अधिकांश ने रिपोर्ट नहीं दी है।

केशरवानी ने स्मरण पत्र देते हुए कहा कि सभी ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि संकल्प शिविर अगस्त के पहले सप्ताह में होना है इसलिए पांच अगस्त तक सभी बूथ कमेटियां अनुभागवार जानकारी जमा कर दें। संकल्प शिविर के लिए प्रत्येक विधानसभा में मंडी प्रांगण को सुनिश्चित कर ले। ग्रामीण कांग्रेस के अंतर्गत तखतपुर,बेलतरा,मस्तूरी , बिल्हा व कोटा विधानसभा में आयोजन होगा।

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर बालकृष्ण गोयल ने विभिन्न संस्थाओं का किया अवलोकन

**रायपुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर बालकृष्ण गोयल ने रायपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहें और उन्होंने जिला अस्पताल ऑबजर्वेशन होम, प्लेस ऑफ सेफ्टी शासकीय बालगृह (बालक) और ओल्ड एज होम इत्यादि संस्थाओं का अवलोकन किया। श्री बालकृष्ण ने जिला अस्पताल के ओपीडी, पीडियाट्रिक वार्ड, जीडियाट्रिक वार्ड और हमर लैब सहित सभी वार्डों का निरीक्षण किया और अस्पताल में आए और भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्होंने ओपीडी पंजीयन में बुजुर्गों और महिलाओं के लिए पृथक व्यवस्था और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण और साफ-सफाई तथा भोजन में गुणवत्ता बनाए रखने कहा।







## खास खबर...

### प्रगतिशील विचारों का अमूल्य खजाना है मुंशी प्रेमचंद का साहित्यः सीएम बघेल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 31 जुलाई को जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि मुंशी प्रेमचंद एक संवेदनशील लेखक थे, जिन्होंने आम आदमी के दु:ख दर्द और संवेदनाओं का जीवंत वर्णन अपने साहित्य में किया है। उनके साहित्य में आम आदमी के दु:ख, दर्द, गरीबी, बेबसी और छोटी-छोटी खुशियों को करीब से महसूस किया जा सकता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, जमींदारी, सूदखोरी, गरीबी, उपनिवेशवाद पर अपनी लेखनी से तीखा प्रहार किया है। उन्होंने सरल, सहज और आम बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया, जिससे उनका साहित्य जन-जन तक पहुंचा। श्री बघेल ने कहा कि प्रेमचंद जी प्रगतिशील विचारों का अमूल्य खजाना नई पीढ़ी के लिए विरासत में छोड़ गए है। उनका साहित्य के क्षेत्र में अमूल्य योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

### मांढर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

**रायपुर (ए)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव पीएम मोदी की मन बात सुनने मांढर पहुंचे। यहां हजारों की संख्या में भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने अरुण साव का स्वागत किया। नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर अरुण साव ने कहा कि वर्ष 2014 में शुरू किया गया। मन की बात कार्यक्रम को देश की करोड़ों जनता सुनते हैं। आई आई एम रोहतक के सर्वे रिपोर्ट अनुसार इस कार्यक्रम को 23 करोड़ लोग नियमित रूप से सुनते आ रहे हैं। साथ ही इस कार्यक्रम के बारे में देश के 98 फीसद लोग जनाते है। यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर-राजनीतिक होता है। प्रधानमंत्री मोदी मन की बात में केवल देश के विकास व उन्नति की बात करते हैं। युवा, किसान, मजदूर, महिलाओं के द्वारा जो इनोवेटिव कार्य किये जा रहे उसका जिक्र करते हैं। इसे देश के असंख्य लोगों को देश के लिए कुछ करने का प्रेरणा प्राप्त होता है।

अरुण साव ने कहा कि पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम बहुत अधिक लोकप्रिय है। धरसींवा विधानसभा जहां कांग्रेस की महिला विधायक हैं। उनके क्षेत्र के लोग मोदी के कार्यों से उनके लोकप्रियता से प्रभावित हो कर आज भाजपा प्रवेश करना चाहते हैं।

### भू-जल संरक्षण संबंधी कार्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नरवा विकास में छत्तीसगढ़ को मिल चुका दो पुरस्कार

# 'स्कॉच अवार्ड' और 'पृथ्वी अवॉर्ड्स-2023' से नवाजा गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के सफल क्रियान्वयन से वनांचल की तस्वीर ही बदल गई है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में नरवा विकास कार्यक्रम के तहत कैम्पा मद अंतर्गत वनांचल स्थित नालों में काफी तादाद में भू-जल संरक्षण संबंधी कार्यो का तेजी से क्रियान्वयन जारी है। इससे वन क्षेत्रों के भू-जल स्तर में काफी सुधार दिखाई देने लगा है और वनवासियों सहित क्षेत्रवासियों को पेयजल, सिंचाई तथा निस्तारी आदि सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलने लगा है। साथ ही साथ इससे वन संरक्षण तथा संवर्धन के कार्यों को भी बढ़ावा मिला है।

#### वनांचल के लगभग 25 लाख हेक्टेयर भू-भाग का हो रहा उपचार



राज्य में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 'स्कॉच अवार्ड' के पर्यावरण श्रेणी के लिए स्वर्ण पुरस्कार भी मिल चुका है। इसके अलावा हाल ही में छत्तीसगढ़ में नरवा विकास कार्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नई दिल्ली में 14 और 15 जुलाई को आयोजित ईएसजी ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में पृथ्वी अवॉर्ड्स भी प्रदान किया गया है।

#### वनांचल में साढ़े चार वर्षों के दौरान 6755 नालों में 1 करोड़ 80 लाख से अधिक संरचनाओं का निर्माण जारी

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में भू-जल संरक्षण तथा संवर्धन के लिए बड़े तालाब में जल स्त्रोतों, नदी-नालों और तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में गत साढ़े चार वर्षों के दौरान राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास' योजना के तहत वनांचल स्थित 6 हजार 755 नालों के लगभग 25 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्रों को उपचारित करते हुए विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसके तहत एक करोड़ 80 लाख से अधिक भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं। इन संरचनाओं में ब्रश वुड चेक डैम, लूज बोल्डर चेक डैम, गेबियन संरचना, मिट्टी चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, वाटर अब्जॉर्पशन ट्रेंच तथा स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण शामिल है। इसके अलावा गली प्लग, चेक डैम, स्टॉप डैम, परकोलेशन टैंक तथा तालाब, डबरी और वाटरहोल आदि भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात

## सीएम ने 'सुमिरँव छत्तीसगढ़' गीत-संग्रह का विमोचन किया

#### छत्तीसगढ़ी भाषा में प्राध्यापक भर्ती की घोषणा पर व्यक्त किया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति (एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन) के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ी भाषा के छात्रों के लिए प्राध्यापक पद पर भर्ती किये जाने की घोषणा के लिए प्रतीक चिन्ह, गमछा, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू, अंजनी चन्द्रवंशी, संजीव साहू एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान छत्तीसगढ़ी साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर की रचनाओं के संग्रह पर आधारित गीत-संग्रह 'सुमिरँव छत्तीसगढ़' का भी विमोचन किया। श्री पारकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस गीत संग्रह के गीतों को पद्मश्री महेंद्र कपूर, ममता चन्द्राकर जैसे दिग्गज कलाकारों ने भी अपनी आवाज दी है। उनकी रचनाएँ 'बहु हाथ के पानी' और 'सुदामा के चाउर' हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग और रविशंकर विश्वविद्यालय के एमए छत्तीसगढ़ी के पाठ्यक्रमों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस गीत संग्रह के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल से रायपुर संभाग के युवाओं के साथ भेंट मुलाकात के दौरान एमए छत्तीसगढ़ी विषय में स्नातकोत्तर अंजनी चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ी भाषा के प्राध्यापक हेतु भर्ती लिये जाने की मांग की थी जिस पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी भाषा के प्राध्यापक के लिए भर्ती की घोषणा की थी। समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप हमारी छत्तीसगढ़िया संस्कृति को सहेजने वाले एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा के हितैषी हैं।

## राजधानी में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, सिलेंडर पर सजाई आम आदमी की अर्थी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कांग्रेस द्वारा रविवार को अनोखा प्रदर्शन किया गया। रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस दौरान सिलेण्डर पर आम आदमी की अर्थी सजाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। कांग्रेस ने इस प्रदर्शन के जरिए केन्द्र सरकार को यह दिखाया कि आम आदमी महंगाई से कितना त्रस्त है।

प्रदर्शन के दौरान विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि महंगाई इस कदर बढ़ गई है जिससे आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। देश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री, टमाटर और सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी को परेशान कर दिया है। विधायक उपाध्याय ने पीएम मोदी के मन की बात पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात करते हैं लेकिन महंगाई पर कभी बात हीं करते।

#### जनता की मार्मिक अपील है यह

विधायक उपाध्याय ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं बल्कि आम आदमी की मार्मिक अपील है। केन्द्र सरकार मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन तो बांट रही है लकिन रिफिलिंग इतना महंगा हो गया है कि कोई दोबारा सिलेण्डर भरवा ही नहीं पा रहा है। गैस पर सब्सिडी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पीएम मोदी की मन की बात बड़े ध्यान से सुन रहे हैं लेकिन जनता की पीड़ा उन्हे सुनाई नहीं दे रही है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश, राजधानी में सीएम बघेल और जिला मुख्यालयों में मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

### जिला स्तरीय समारोह में नक्सली हिंसा में शहीदों के परिजनों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया जाएगा आमंत्रित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के प्रदेश में गरिमापूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश स्तर पर राजधानी रायपुर सहित जिला मुख्यालयों, नगरीय निकायों से लेकर विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर तक स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन होगा।

राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में प्रात: 9 बजे से निर्धारित कार्यक्रम समयानुसार आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इस मौके पर वे प्रदेश के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों को द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों का वितरण किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय से इस संबंध में शासन के सभी विभागों के प्रमुखों, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, विभागाध्यक्षों, आवासीय आयुक्त छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली, संभागायुक्तों, कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए है। निर्देश में कहा गया है कि जिला मुख्यालयों में शासन द्वारा विनिर्दिष्ट मंत्रीगण और मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। इसी प्रकार निजी संस्थाओं से भी उनके भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और रात्रि में भवनों पर रोशनी करने की अपील की जाएगी।

विभाग और कार्यालय प्रमुख द्वारा अपने कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों को एकत्रित कर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया करेंगे और ध्वजारोहण के बाद



सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाया जाएगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और विद्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाएगा।

प्रदेश की राजधानी रायपुर एवं अन्य जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। इसे देखते हुए सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम मुख्य समारोह के पूर्व सम्पन्न कर लिया जाए, ताकि इन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी जिले की मुख्य समारोह में भाग ले सकें।

#### स्वतंत्रता दिवस में इन कार्यक्रमों का होगा आयोजन

इसी तरह सभी शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सांस्कृतिक, साहित्यिक, मनोरंजन के कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। शिक्षण संस्थान द्वारा सुबह 'प्रभात-फेरी' का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के बाद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, मेडल आदि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) का उपयोग की अनुमति जिला कलेक्टर द्वारा दी जाएगी। यह ध्यान रखा जाए कि ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने वाले गाने सुरूचिपूर्ण और सामयिक हो।

सभी जिला मुख्यालयों पर परेड आयोजित की जाएगी। परेड में सेना (जहां उपलब्ध हो), पुलिस, एनसीसी, नगर सेना, जेल प्रहरी की टुकड़ियों भाग लेंगी। ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए विधानसभा अध्यक्ष और मंत्रीगणों की जिलेवार सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अलग से जिला कलेक्टर को जारी की जाएगी। जिला कलेक्टर द्वारा नक्सली हिंसा में शहीदों के परिवारजनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानपूर्वक जिला स्तरीय समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

जनपद पंचायत मुख्यालयों पर जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाए। उसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाए और मुख्य अतिथि द्वारा भाषण दिया जाए। ऐसी नगर पालिका, नगर पंचायत, जिनका मुख्यालय विकासखण्ड मुख्यालय पर नहीं है, उनमें अध्यक्ष नगर पालिका, नगर पंचायत द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा और बड़ेगांव में, गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए उन्हें देश की एकता और अखण्डता के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# क्या आपको भी फोन कॉल उठाने में होती है झिझक? कहीं आप फोन एंग्जाइटी के शिकार तो नहीं



आज के दौर में जहां कम्युनिकेशन तकनीक तेजी से विकसित हो रहा है, हर किसी की दुनिया फोन के इर्द-गिर्द घूम रही है। हर काम आप एक फोन कॉल करके आराम से कर सकते हैं। ऐसे में कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए फोन कॉल चिंता का कारण भी बन जाता है। जी हां जब उनके फोन की बेल बजती है तो उन्हें घबराहट और चिंता होने लगती है। फोन उठाने से पहले वो 100 दफा सोचते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो ये एक तरह की समस्या है। इसे फोन कॉल एंग्जाइटी के नाम से जाना जाता है। आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।

### फोन कॉल एंग्जाइटी क्या है?

फोन कॉल एंग्जाइटी, जिसे टेलीफोबिया या टेलीफोनिक चिंता के रूप में भी जाना जाता है। एक अजीब तरह की चिंता होती है जिसे व्यक्ति फोन कॉल करते या उठाते समय अनुभव करता हैं। इसमें फोन बजने पर हम सोचने लगते हैं कि फोन उठाना चाहिए या नहीं। ये फोन कॉल एंग्जाइटी नॉर्मल, स्ट्रेस और तनाव का ही एक रूप है। इसमें व्यक्ति को फोन पर किसी से बात करने का मन नहीं करता है। व्यक्ति ये सोचने लगता है कि सामने वाला व्यक्ति फोन पर उससे किस तरह से बात करेगा। फोन पर बात करते वक्त किसी तरह की असुविधा तो नहीं होगी वगैरा-वगैरा।

### फोन कॉल एंग्जाइटी कई स्थितियों में पैदा हो सकती है

- जॉब रिलेटेड फोन कॉल या फिर बिजनेस को लेकर क्लाइंट से इंपॉर्टेंट डिस्कशन को लेकर चिंतित महसूस करना।
- दोस्तों या परिवार के सदस्यों को मिलने या प्लान बनाने के लिए बुलाने के बारे में चिंतित महसूस करना।
- फोन पर अपॉइंटमेंट लेते समय या सामान ऑर्डर करते समय अत्यधिक घबराहट होना।

### फोन कॉल एंग्जाइटी के लक्षण

- फोन कॉल की एंग्जाइटी से ग्रस्त व्यक्ति अक्सर कॉल करते या उठाते समय तेज दिल की धड़कन या सीने में तेज सनसनी का अनुभव करते हैं।
- अत्यधिक पसीना आना और हाथ या आवाज कांपना फोन कॉल चिंता से जुड़े सामान्य शारीरिक लक्षण हैं।
- जिन लोगों को फोन कॉल एंजाइटी होती है उन्हें इस बात का डर लगा रहता है कि सामने वाला आपको नेगेटिव जज तो नहीं करेगा।
- फोन कॉल एंग्जाइटी के शिकार लोगों को बातें शुरू करने और खत्म करने में हिचकिचाहट होना भी शमिल है।
- कई बार फोन उठाने के कुछ देर बाद हम खामोश रहते हैं और कुछ भी बोल नहीं पाते हैं। ऐसे में हमें फोन उठाने से पहले इस खामोशी से गुजरने का डर लगा रहता है।

# आई फ्लू क्या है? जानिए मानसून में इससे बचाव के 5 तरीके



देश में मानसून में आई फ्लू यानी कंजंक्टिवाइटिस के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। इसे गुलाबी आंख या लाल आंख के रूप में भी जाना जाता है।ऐसे में आंख से जुड़ी इस समस्या से बचाव के लिए लोगों को लगातार सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। आइये आज हेल्थ टिप्स में हम आपको 5 ऐसे तरीके बताते हैं, जिनकी मदद से आई फ्लू के संक्रमण से बचा जा सकता है।

### बारिश के मौसम में अधिक होती है यह समस्या

आई फ्लू आंखों का संक्रमण है, जिसके कारण आंखों में लालिमा, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं। यह समस्या बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा फैलती है और यह आमतौर पर गंदगी, धूल-मिट्टी आदि की वजह से होने वाली एलर्जी के कारण होती है।

### व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखें

आई फ्लू से बचाव के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना है। इसके लिए नियमित रूप से अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छे से धोएं, खासकर सार्वजनिक वस्तुओं को छूने के बाद, भोजन के समय और शौचालय के इस्तेमाल के बाद। अपने पास हैंड सैनिटाइजर हमेशा साथ में रखें और दूषित सतहों या रेलिंग वगैरह को छूने के तुरंत बाद इसका इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आप इसके संक्रमण से बच सकते हैं।

### आस-पास साफ-सफाई रखना है जरूरी

किसी भी तरह के संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए साफ-सफाई के टिप्स अपनाना बहुत जरूरी है। अगर आपके आस-पास गंदगी और धूल रहेगी तो इससे आंखों की जलन बढ़ सकती है और आई फ्लू होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इससे बचाव के लिए खासतौर पर बारिश के मौसम में नियमित रूप से अपने आस-पास की सतहों और चीजों को एंटी-बैक्टीरियल सॉल्यूशन से अच्छे से साफ करें।

### व्यक्तिगत वस्तुओं को साझा करने से बचें

आई फ्लू दूषित व्यक्तिगत वस्तुओं जैसे तौलिया, रूमाल, आंखों के मेकअप और कॉन्टैक्ट लेंस से आसानी से फैल सकता है। मानसून के मौसम में इन वस्तुओं को दूसरों के साथ साझा करने से बचें। कोशिश करें कि आप इन वस्तुओं को अपने परिवार के सदस्यों के साथ भी साझा न करें क्योंकि इससे आई फ्लू का संक्रमण फैल सकता है।इसके अलावा अगर कोई सदस्य बीमार हो गया है तो उसका सामान अलग कर दें और उससे दूरी बनाकर रखें।

### सेफ्टी चश्मे का इस्तेमाल करें

मानसून के दौरान भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए, लेकिन किसी कारणवश अगर आपको बाहर जाना पड़ रहा है तो इस दौरान आंखों की सुरक्षा के लिए सेफ्टी चश्मे का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप बाहर निकलने से पहले काला चश्मा, सनग्लास या अन्य सेफ्टी चश्मा पहनें। इसकी मदद से आपकी आंखें वायुजनित कणों, धूल-मिट्टी और बैक्टीरिया से बची रहेंगी, जिससे संक्रमण होने का खतरा कम हो जाएगा।

### आंखों को छूने या रगड़ने से बचें

ज्यादातर लोग आंखों में चुभन होने, जलन होने या धूल चले जाने पर तुरंत आंख रगड़ने लगते हैं। ऐसा करने से आंखों को नुकसान होता है और इससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।अगर आपको अपना चेहरे धोना है या आंखें साफ करनी है तो हमेशा साफ और फिल्टर्ड पानी का इस्तेमाल करें। साथ ही आंखों को छूने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके हाथ अच्छे से साफ हो।

# बारबाड एक सुंदर और विचारोत्तेजक गाना है जिसने मेरे दिल में जगह बना ली: संदीपा धर



कागज, हीरोपंती जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं और दबंग 2 में कैमियो के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री संदीपा धर, जिन्होंने अब ट्रैक बारबाड के लिए अभिषेक बजाज के साथ मिलकर काम किया है, ने कहा कि यह गाना परिवर्तनकारी शक्ति की खोज करता है। अप्रत्याशित स्थानों में सच्चा प्यार पाना। यह ट्रैक बेवफाई के जाल में फंसे दो व्यक्तियों और सच्चा प्यार पाने की खट्टी-मीठी कहानी बताता है। जैसे-जैसे उत्तेजक धुनें सामने आती हैं, यह गीत विश्वासघात और दिल के दर्द की कच्ची भावनाओं को उजागर करता है, जो धीरे-धीरे दोनों को प्यार मिलने के साथ समाप्त होता है। उत्तेजक गीतों और मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुनों के साथ, बारबाड श्रोताओं को शुद्ध भावनाओं की दुनिया में ले जाने का वादा करता है।

गाने के बारे में बात करते हुए, संदीप ने कहा, बारबाड एक सुंदर और विचारोत्तेजक गाना है, जिसने मेरे दिल में जगह बना ली है। यह रिश्तों की जटिलताओं, बेवफाई और अप्रत्याशित स्थानों में सच्चा प्यार पाने की परिवर्तनकारी शक्ति का पता लगाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह गाना कुछ ही सेकेंड में आपके लिए खुशी और गम सब लेकर आएगा और आपको भावनाओं की यात्रा पर ले जाएगा।

ट्रैक के साथ एक आकर्षक संगीत वीडियो भी है जो गाने के भावनात्मक प्रभाव को बढ़ाता है। वीडियो गीत के गहन संदेश को रेखांकित करते हुए प्यार, दिल टूटने और मुक्ति की पेचीदगियों को दर्शाता है। साक्षी होल्कर द्वारा गाए गए इस गाने के बोल कान्हा कंबोज ने लिखे हैं और संगीत मंदीप पंघाल ने दिया है।

अभिषेक ने साझा किया- इस संगीत वीडियो का सबसे अच्छा हिस्सा इसकी कहानी है। यह एक सुंदर संदेश देता है कि यदि आप गलत व्यक्ति के साथ हैं तो आपको आगे बढ़ जाना चाहिए और उस व्यक्ति के साथ रहना चाहिए जो आपसे वैसे ही प्यार करता है जैसे आप हैं। सच्चे प्यार की परिभाषा इस दुनिया में खोया हुआ बारबाड प्यार को फिर से जगाने का हमारा ईमानदार प्रयास है।

साक्षी होल्कर को वरुण धवन अभिनीत फिल्म भेड़िया के गाने अपना बना ले, आयुष्मान खुराना की फिल्म डॉक्टर जी के दिल धक धक करता है, कैटरीना कैफ की फिल्म फोन भूत के काली तेरी गुट जैसे कई गानों के लिए जाना जाता है।

बारबाड विश्वासघात और दिल टूटने का गीत है। विश्वासघात एक सावधान करने वाली कहानी है जो हमें याद दिलाती है कि हम किस पर भरोसा करते हैं, कितनी जल्दी भरोसा करते हैं और कितना प्रकट करते हैं, इसके बारे में चयनात्मक होना चाहिए। किसी पर भी भरोसा करते हुए घूमना बुद्धिमानी नहीं है। साक्षी ने कहा गीतकार कान्हा कंबोज ने कहा- गाने के बोल बहुत प्रभावशाली हैं, खासकर तब जब आपने खुद को किसी भावनात्मक धोखे का सामना करना पड़ा हो। यह उस निराशा को प्रकट करता है जो व्यक्ति महसूस करता है जब वह अपने महत्वपूर्ण दूसरे को किसी तरह से धोखा देते हुए देखता है।

अमित मजीठिया द्वारा निर्मित और ओकासिंज 360- मनीष शर्मा द्वारा प्रोजेक्ट, यह गीत बीसीसी म्यूजिक फैक्ट्री और अमित मजीठिया द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

इस बीच, संगीता को आखिरी बार वेब शो डॉ अरोड़ा- गुप्त रोग विशेषज्ञ में देखा गया था।

# बिखरी जुल्फों में करिश्मा तन्ना ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट




## फिटनेस पर दिल हार गए फैंस

वेब सीरीज स्कूप में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। हालिया फोटोशूट में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद सेक्सी अवतार में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस और फिटनेस देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी खूबसूरती को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट में हुस्न की बेबाक अदाएं दिखाते हुए फैंस को अपनी ओर रिझा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी परफेक्ट टोंड बॉडी देखते हुए फैंस का दिल मचलने लगा है। हालांकि लोग उनकी तस्वीरों को देखकर एक बार फिर से उनकी फिटनेस पर अपना दिल हार गए हैं। करिश्मा तन्ना ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की स्पैगडी और डेनिम जींस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए बिखरी जुल्फों को लहराती हुई एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया लवर हैं। और जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का टेकारी में आयोजन

**रायपुर।** जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्राम टेकारी में ग्राम के राजीव युवा मितान क्लब द्वारा ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से आज रविवार को किया जा रहा है जिसमें समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता जारी है। आरंग विकास खंड के ग्राम टेकारी में आयोजित इस ओलम्पिक में 8 पंचायतों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं । टेकारी सहित नारा , डिघारी , खम्हरिया , खमतराई , अकोलीखुर्द , कठिया व अमेरी पंचायत के प्रतिभागी इसमें शिरकत कर रहे हैं । महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों के लिये 3 श्रेणियां बनाया गया है । पहले श्रेणी में 0 से 18 वर्ष , दूसरे श्रेणी में 18 से 40 वर्ष व तीसरे श्रेणी में 40 से अधिक उम्र वाले प्रतिभागी भाग ले रहे हैं । इस ओलम्पिक में गिल्ली डंडा , पिट्ठुल , संखली , लंगड़ी दौड़ , कबड्डी , रस्साकस्सी , बांटी , बिल्लस , फुगड़ी , गेड़ी दौड़ , भंवरा , 100 मीटर दौड़ , लंबी कूद , कुश्ती 40 किलोग्राम , कुश्ती 41 से 50 किलोग्राम, कुश्ती 61 से 70 किलोग्राम व कुश्ती 70 से ऊपर किलोग्राम, खो खो , रस्सीकूद को शामिल किया गया है । प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में इन पंचायतों के सरपंच , सरपंच प्रतिनिधि व पंचगण , राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारीगण , ओलंपिक आयोजन के लिये नियुक्त कर्मीगण सहित इन पंचायतों के सचिवगण व ग्राम प्रमुख मौजूद रहे व इनमें से अधिकतर प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिये जुटे हुये हैं । प्रतियोगिता को देखने टेकारी सहित आसपास के ग्रामीणों की भीड़ भी मौजूद है।

### सारंगढ़ क्षेत्र के आंगनबाड़ी भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि एक अगस्त

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ परियोजना में विभिन्न कारणों से कार्यकर्ता, सहायिकाओं, मिनी कार्यकर्ता के पद रिक्त हुए हैं, जिनके नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सारंगढ़ के वार्ड-9/3 सहित ग्राम बोईरडीह और बासीनबहरा में तथा आंगनबाड़ी सहायिका सारंगढ़ के वार्ड 3, वार्ड 9/3 सहित ग्राम टिमरलगा और नौरंगपुर में नियुक्त किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 01 अगस्त 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में कार्यालयीन दिवस और समय पर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी कार्यकर्ता पद हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस भर्ती में विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा महिलाओं को 15 अंक अतिरिक्त दिया जाएगा।

### जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा में भर्ती के लिए 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा में स्टेनोग्राफर (हिंदी), स्टेनो टाइपिस्ट, सहायक ग्रेड 3 के समकक्ष पद (सेल, प्रतिलिपिकार, लिपिक, अमीन, आदेशिका लेखक, टायपिस्ट, साक्ष्य लेखक, सहायक अभिलेखपाल, सांख्यिकी लिपिक) और आकस्मिकता निधि के कर्मचारी (स्वीपर, चौकीदार, वाटरमेन) की भर्ती हेतु कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा पिन 494449 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट और स्पीड पोस्ट से अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। कार्यालय में अन्य किसी माध्यम से प्रेषित और व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# मतदान हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाना जरूरी - कलेक्टर

श्रीकंचपनथ न्यूज

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले के विधान सभाओं में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत आज पुलिस लाईन उर्दना में मतदाता जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। यहां ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर वोटिंग और मतदान से जुड़ी जानकारी दी गई।



आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि हमारे पास विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारी हैं, जिसे हम बखूबी निभाते हैं। ठीक उसी प्रकार निर्वाचन में मतदान करना भी हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं, जो हमें संविधान ने दिया हैं। इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने 02 अगस्त से प्रारंभ होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, नाम सुधरवाने, स्थानांतरित कर्मचारियों के नाम कटवाने में बूथ लेवल अधिकारी का सहयोग करने को कहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि वोट डालना आपका संवैधानिक अधिकार हैं, वोट अवश्य करें। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन में शत-प्रतिशत वोट करना हमारी जिम्मेदारी हैं। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन में पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी करते है, जो उनका कर्तव्य है। अत: उनका परिवार अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यह संविधान के द्वारा दिए गए अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार हैं, जिसमें हमें अपनी भागीदारी बढ़ाना हैं। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार रायगढ़ लोमश मिरी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस परिवार जन उपस्थित रहे।

### ईवीएम एवं वीवीपीएटी लगाकर दिखाया कैसे डालना हैं वोट

आयोजित कार्यक्रम में ईवीएम एवं वीवीपीएटी का प्रदर्शन कर कार्यप्रणाली से मतदाताओं को अवगत कराया गया। जिसमें लोगों ने अपना वोट देकर ईवीएम एवं वीवीपीएटी के कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा, कि ईवीएम से किस प्रकार वोट देना है, वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान करना है। कार्यक्रम में लोगों ने अपने निर्वाचन से संबंधित नाम जुड़वाने, कटवाने, सुधार कैसे करे जैसे विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए। कलेक्टर सिन्हा ने मतदान केंद्र के बीएलओ से परिचय करवाते हुए कहा कि आप अपने बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में है या नही इसकी जानकारी के साथ भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान श्रीमती मीना उरांव ने सर्वे में बीएलओ से जानकारी लेकर दूसरों को मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही। इसी प्रकार श्रीमती गायत्री साहू ने कहा कि ईवीएम मशीन और वीवीपैट कैसे काम करता है, यह प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के समय अपना मत जरूर डालने जायेंगे और आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने लोगों को मतदान हेतु शपथ दिलाई। सभी ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## समाज में आय में वृद्धि और व्यय में कमी होना चाहिए: गृह मंत्री




श्रीकंचपनथ न्यूज

रायपुर। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग जिले के केलाबाड़ी स्थित साहू समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री साहू ने कहा कि साहू समाज सदैव मेहनतकश और उद्यमी रहा है। साहू समाज का राज्य के निर्माण और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है।

मंत्री श्री साहू ने सामाजिक आमसभा में चर्चा के दौरान कहा कि समाज में आय में वृद्धि और व्यय में कमी होनी चाहिए। समाज हित के लिए आमसभा में आय-व्यय के बारे में खुली चर्चा होती है। आमसभा में नियम बनाए जाते हैं उसका पालन होना चाहिए। इसके साथ ही समाज के हित में, योजना, प्रस्ताव एवं एजेंडा पर भी चर्चा होती है, जो समाज के लिए उपयोगी हो। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन का मूल कार्य समाज की बुराईयों को दूर कर हर वर्ग को जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि चाहे सामाजिक क्षेत्र में हो या राजनीति क्षेत्र में दुर्ग बहुत परिपक्व रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष नंदलाल साहू, महामंत्री राकेश साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रीतम साहू, वरिष्ठ सलाहकार श्रीमती रागिनी साहू, जागेश्वर साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

मंत्री श्री साहू ने सम्मान समारोह कार्यक्रम में पीएससी के माध्यम से चयनित उप निरीक्षक राजेश साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी साहू एवं संरक्षक सदस्य तुकाराम साहू, आर.आर.साहू, हीरासिंह साहू, टीकाराम साहू, हरिशचंद साहू सहित समाज के मोतीलाल साहू, रामनारायण साहू, श्रीमती मीरा साहू, अमरदास साहू को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## घर-परिवार के साथ अपने परिवेश को भी स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी: सिंहदेव



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि स्वच्छता के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छता का व्यापक दृष्टिकोण है, अपने घर-परिवार के साथ हमारे परिवेश को भी स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में सरगुजा (अम्बिकापुर) जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है, उसे स्तर को बनाये रखना, हम सबकी जिम्मेदारी है। श्री सिंहदेव ने आज अम्बिकापुर में कौशल विकास योजना अंतर्गत कंप्यूटर लैब एवं डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि कौशल विकास की गतिविधियों से युवा आर्थिक रुप से सशक्त होने के साथ-साथ समाज में बेहतर स्थान प्राप्त करेंगे। श्री सिंहदेव ने विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव इस मौके पर कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफ़ी अहमद, जन शिक्षण संस्थान के डॉ एस ए नैयर, ब्लड बैंक प्रभारी विकास पांडे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## आईटीआई मैदान खुर्सीपार में वृक्षारोपण किया

श्रीकंचपनथ न्यूज



**भिलाई।** आई टी आई खुर्सीपार छात्रावास के छात्रों द्वारा मैदान में वृक्षमित्र मुकेश पाण्डेय, भूतपूर्व सैनिक शैलेंद्र गुप्ता, भागीरथी वर्मा, राकेश पांडेय ,पी. सुरेश के सहयोग से वर्षों से नियमित वृक्षारोपण किया जाता रहा है।

इसी कड़ी में विगत दिवस आई. टी. आई. के पूर्व छात्र निलेश कुजूर की स्मृती में त्रिवेणी वृक्षों ( बरगद, पीपल, नीम)का रोपण किया गया।

इस अवसर पर अमृतेष शुक्ला ने ( सहा. प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर) अपनी पत्नी श्रीमती सुरभि बक्शी तथा पुत्री शिवांतिका के साथ इन त्रिवेणी वृक्षों का रोपण किया। वृक्षमित्र मुकेश पाण्डेय ने बताया कि जैसे गंगा यमुना और सरस्वती का संगम पवित्र माना जाता है उसी प्रकार त्रिवेणी वृक्षों का एक साथ रोपण करना भी अत्यंत शुभ है। श्री अमृतेष शुक्ला ने वृक्ष मित्र मुकेश पाण्डेय की पूरी टीम को धन्यवाद तथा बधाई देते हुए कहा कि हमें न केवल वृक्ष लगाने चाहिए बल्कि उन्हें सहेजने और बचाने का कार्य भी करना चाहिए तभी हम अपनी अगली पीढ़ी को एक बेहतर पर्यावरण दे पाएंगे। वृक्षमित्र मुकेश पाण्डेय के अनुसार आगे भी इस प्रकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे।

## खुर्सीपार में लगा नि:शुक्ल स्वास्थ्य शिविर, लोगों ने उठाया लाभ

श्रीकंचपनथ न्यूज



**भिलाई।** विधायक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की टीम द्वारा को जॉन 1 एम पी आर रोड शिवालय मंदिर सोनाली प्रिंटर के पास विधायक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 350 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया यह शिविर विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा लगाया गया था जिसमें आई फ्लू के मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप दिया गया श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सहयोग से यह शिविर लगाया गया था कुर्सी पर के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर इस शिविर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया ।

देवेंद्र यादव ने जानकारी देगी खुर्सीपार एरिया में आई फ्लू की बहुत समस्या है विधायक जी ने वहां स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जिसमें आई फ्लू के मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप बाटी गई।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण का हुआ समापन, 16 खेलों में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी

श्रीकंचपनथ न्यूज

धमतरी। हरेली तिहार के दिन शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण जोन स्तर की शुरूआ जिले में शुरू होकर कल 31 जुलाई को समाप्त होगी। इसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर 01 जोन बनाया गया है। जोन स्तर की इस प्रतियोगिता का समापन 31 जुलाई को होगा। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 17 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की गई थी।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू की गई छत्तीसगढ़िया जोन स्तर पर शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजन करवाने के निर्देश कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने सभी सीईओ जनपद को दिए।

दूसरे चरण में जोन स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक प्रतियोगिता में 08 राजीव युवा मितान क्लब क्षेत्रों का एक जोन बनाया गया है। मुकाबला नॉक आऊट पद्धति से राजीव युवा मितान क्लब के विजेता प्रतिभागी एवं दलों के मध्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवम दल आयुवार एवं वर्गवार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवम दल आयुवार एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राजीव युवा मितान क्लब स्तर एवं जोन स्तर के समापन के बाद तीसरे चरण विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक, चौथे चरण जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवे चरण संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

### 16 खेलों में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

### हर आयु वर्ग के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

### विजेता प्रतिभागियों को दिया जाएगा पुरस्कार

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाले विजेता खिलाड़ियों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रूपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रूपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रूपए की राशि सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय आने पर 4500 रूपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाड़ियों को 4000 रूपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

### बढ़ाई गई प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की तारीख: अब किसान 16 अगस्त तक करा सकेंगे बीमा

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में किसान अब 16 अगस्त तक फसल बीमा करवा सकते हैं। पहले इसकी तारीख 31 जुलाई थी जिसे बढ़ा दिया गया है। किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक या व्यावसायिक बैंकों में जाकर अपने फसल का फसल बीमा करवा सकते हैं। उपसंचालक कृषि से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के खरीफ और रबी फसल सीजन के लिए फसल बीमा योजना लागू की गयी है। जिसके तहत खरीफसीजन के धान सिंचित, असिंचित , मक्का, कोदो-कुटकी, रागी, अरहर, उड़द एवं मूंग फसल शामिल हैं। वहीं रबी सीजन के चना, गेहूं सिंचित-असिंचित और राई, सरसों फसल को अधिसूचित किया गया है। खरीफफसल के लिए बीमा राशि का 2 प्रतिशत और रबी फसल के लिए राशि का डेढ़ प्रतिशत वहन किया जाएगा।


















# जमीन विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की ले ली जान बेटे के साथ मिलकर कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में जमीन विवाद में बड़े भाई ने ही छोटे भाई की हत्या कर दी। बेटे के साथ मिलकर पहले तो छोटे भाई को जमकर पीटा और उसके बाद कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्याकांड की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना जिले हरदी बाजार थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दर्री निवासी लक्ष्मी नारायण तिवारी का उसके बड़े भाई कौशल प्रसाद तिवारी के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस बीच लोगों ने रविवार को लक्ष्मी नारायण तिवारी का शव उसके ही घर के बाहर पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो मृतक का उसके बड़े भाई से विवाद का पता चला। इसके बाद पुलिस ने मृतक के बड़े भाई कौशल प्रसाद तिवारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

पूछताछ दौरान आरोपी कौशल प्रसाद तिवारी ने पुलिस को बताया कि जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर रविवार को छोटे भाई के घर पर विवाद हुआ। इसके बाद कौशल प्रसाद ने अपने बेटे अशोक तिवारी के साथ मिलकर छोटे भाई लक्ष्मी नारायण पहले बुरी तरह पिटाई की और उसके बाद कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। थाना प्रभारी मयंक मिश्रा ने बताया हत्या के आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर आगे की कार्रवाई की की जा रही है।

## खास-खबर



### दुर्ग में युवक की अधजली लाश मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** दुर्ग जिले के पुलगांव थाना क्षेत्र के रसमड़ा में रविवार को अधजली लाश मिलने से हड़कंप मच गया गया। रसमड़ा के पास गनियारी गांव के तालाब के पास शव को जलाने का प्रयास किया लेकिन वह पूरी तरह से जल नहीं पाया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार रसमड़ा के गनियारी गांव में पुरुष का शव मिला है। शुरूआती जांच के बात यह बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र 35 वर्ष के लगभग होगी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को जलाने का प्रयास किया गया लेकिन शव पूरी तरह से जला नहीं। शव के कमर के ऊपर का हिस्सा जल चुका है और निचला हिस्सा बच गया। पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है। अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अवैध शराब के साथ 7 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** रायपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 30 जुलाई को थाना खरोरा एवं धरसींवा पुलिस की टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब के साथ कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 196 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 49,000/- रुपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध संबंधित थानों में कार्रवाई की गई। थाना खरोरा के अपराध क्रमांक 524/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के प्रकरण में आरोपी रूपेश चेलक पिता जितेन्द्र चेलक उम्र 23 साल निवासी असौंदा थाना खरोरा जिला रायपुर एवं अजय कुमार उर्फ गोलू तुरकाने पिता दिनेश तुरकाने उम्र 23 साल निवासी असौंदा थाना खरोरा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 41 पौवा अंग्रेजी शराब एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी/04/एनसी/6418 जुमला कीमती 30,000/- रुपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। थाना खरोरा के अपराध क्रमांक 525/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के प्रकरण में आरोपी गजेंद्र वर्मा पिता बाली वर्मा उम्र 24 साल निवासी निलजा थाना खरोरा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 43 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 5,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

### पारिवारिक वजह से युवक ने घर में लगाई फांसी

**चैतमा (ए)।** पारिवारिक वजह से एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। चैतमा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा के बहम्नीखुर्द निवासी सुरेंद्र यादव (25) खेती-किसानी करता था। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जब रविवार की सुबह उठे तो उन्हें उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। उन्होंने चैतमा चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

नहर के पानी को लेकर विवाद में जानलेवा हमला

## खेत से होकर पानी नहीं ले जाने देने पर किसान पर फावड़े से अटैक, आरोपी अरेस्ट

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में कम बरसात के बाद नहर के पानी से खेतों की सिंचाई को लेकर सिर फुटव्वल शुरू हो गया है। एक किसान ने अपनी खेत से पानी ले जाने से मना करते हुए दूसरे किसान पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में घायल किसान अस्पताल में भर्ती है। वहीं, पुलिस ने आरोपी को हत्या के प्रयास के केस में गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोटा थाना क्षेत्र का है।

ग्राम लिटिया में निवासी जोहनलाल साहू रविवार की सुबह नहर के पानी से खेत की सिंचाई कर रहा था। पानी उनके पड़ोसी रामचरण साहू के खेत से होकर उसके खेत में आ रहा है। इस बीच रामचरण भी खेत देखने पहुंचा। उसने जोहनलाल को अपने खेत से पानी ले जाने से मना किया। उसका कहना था कि पानी के तेज बहाव से उसकी फसल खराब हो जाएगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया और झूमाझटकी हो गई। इस दौरान रामचरण ने फावड़े से जोहन के सिर में मार दिया, जिससे खून से लथपथ होकर वो घायल हो गया।

इस हमले में बुरी तरह से घायल जोहन ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। फावड़े से जोहन के आंख के पास माथे में गहरा जख्म लगा है। उसकी हालत देखकर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। फिलहाल, सिम्स में उसका इलाज चल रहा है।



इस हमले के बाद जोहन ने अपने बेटे पोषण, शत्रुहन और योगेश्वर को घटना की जानकारी दी। योगेश्वर ड्राइवर का काम करता है। पिता को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वह शिकायत लेकर कोटा थाने पहुंचा और पिता पर जानलेवा हमला करने की जानकारी पुलिस को दी। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी रामचरण को गिरफ्तार कर लिया है।

### सिंचाई को लेकर शुरू हुआ विवाद

जिले में इस बार बारिश कम हुई है, जिसके कारण खेत सूख गए हैं। हालात यह है कि किसानों की धान की रोपाई नहीं हो पाई है। वहीं, खुर्रा बोनी के बाद खेत सूखने के कारण धान की फसल को नुकसान हो रहा है। किसानों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर जल संसाधन विभाग ने खेतों की सिंचाई करने के लिए नहरों में पानी छोड़ा है, जिसके बाद पानी को लेकर गांव-गांव में विवाद शुरू हो गया है।

दरअसल, कई किसानों ने अपनी खेतों में रोपाई की है। ऐसे में नहर का पानी उनके खेत तक पहुंचेगा तो तेज बहाव में रोपाई की गई धान की फसल उखड़कर खराब हो जाएगी, जिसके कारण किसान खेत से पानी ले जाने से मना कर रहे हैं। वहीं, जिन किसानों के खेत में पानी की जरूरत है, वो किसी तरह अपनी खेत की सिंचाई करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

## यूपी के युवक ने होटल में किया युवती से दुष्कर्म वीडियो बनाकर करने लगा ब्लैकमेल, गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले की एक युवती से यूपी के युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। 24 वर्षीय युवती की फेसबुक के माध्यम से युवक से दोस्ती हुई और इसके बाद इनकी मुलाकात हुई। हाल ही में युवक ने युवती को शादी का झांसा दिया और होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। यही नहीं युवक ने फोटो व वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल भी करने लगा। तंग आकर युवती ने थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सिटी कोतवाली क्षेत्र के रहने वाली 24 वर्षीय युवती की कुशी नगर यूपी के रहने वाले निलय खरवाल से फेसबुक के जरिए पहचान हुई। इसके बाद दोनों के बीच चैटिंग होती रही। इस दौरान दोनों में नजदीकियां भी बढ़ी। युवक चार से पांच



बार जांजगीर युवती से मिलने भी पहुंचा। इस बीच युवक ने युवती को शादी का झांसा दिया और यहां के एक होटल में ले जाकर युवती से दुष्कर्म किया। इस दौरान युवक ने फोटो-वीडियो बना लिया था।

बात यहीं खत्म नहीं हुई आरोपी निलय खेरवाल ने इसके बाद शादी से इनकार कर दिया। युवती ने भी उससे बात करना बंद कर दिया। इसके बाद निलय खेरवाल युवती का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर फिर से 10 लाख रुपए मांगे और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने लगा। युवती ने मना किया तो आरोपी युवक ने फोटो-वीडियो उसके परिजनों को भेज दिया। इसके बाद युवती परिजनों के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## झाड़-फूंक के बाद दंपति ने खाया पान, नवविवाहिता की मौतः एक साल से संतान नहीं होने पर थे परेशान

**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले में तांत्रिक-बैगा से इलाज कराने पर एक महिला की मौत हो गई। बरबसपुर गांव के नवदंपति संतान की चाह में झाड़-फूंक कराने जोगिया डेरा गांव पहुंचे थे। जहां कोई दवा खाने पर दोनों की हालत बिगड़ गई और पत्नी सुशील पटेल ने दम तोड़ दिया। वहीं बैगा फरार हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, उरगा थाना इलाके के लवन पटेल ने एक साल पहले अपने बेटे रामाधार पटेल का विवाह कराया था। रामाधार पटेल की शादी चांपा में रहने वाले फूल सिंह पटेल की बेटी सुशीला पटेल से हुई थी। नवदंपति एक साल बाद भी संतान नहीं होने के बाद झाड़-फूंक का सहारा लेने लगे। लेकिन एक दिन बैगा की जड़ी बूटी से 27 साल की पत्नी की



मौत हो गई वहीं 28 साल के पति रामाधार की हालत गंभीर है।

### कुछ महीने पहले संपर्क में आए

इलाज के बाद कुछ फायदा नहीं होने से नवदंपति परेशान थे। साथ ही उन्हें शक था कि किसी ने जादू-टोना किया है जिसके चलते संतान नहीं हो रही है। इसी बीच वे जोगिया डेरा में रहने वाले एक बैगा रामलाल यादव के संपर्क में आए। बताया जा रहा है कि, कभी-कभी बैगा रामलाल उनके घर आकर भी झाड़-फूंक करता था। इसी बीच एक दिन बैगा ने दंपति को अपने घर पर भी बुलाया था।

### नया कपड़ा पहनाकर झाड़-फूंक

मृतका सुशीला की बहन सीतामढ़ी में रहती है जिसकी तबीयत खराब थी। उसे देखने के लिए शनिवार को पति रामाधार अपनी पत्नी के साथ में निकला था। जहां से रामाधार अपने ससुर फुल सिंह और पत्नी सुशीला के साथ तांत्रिक के घर चला गया। वहीं तांत्रिक रामलाल यादव करीब एक घंटे तक फूंक झाड़ करता रहा। उसने झाड़-फूंक से दंपती को नहाकर आने भी कहा। साथ ही उन्हें नया कपड़ा पहनाया गया।

## 3 महीने पहले हुई थी शादी, हादसे में गई जानः ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत, लोगों का फूटा गुस्सा

**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले में बाइक सवार एक युवक की सड़क हादसे में जान चली गई। रविवार रात ट्रेलर ने युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, युवक की शादी को महज 3 महीने ही हुए थे। यह हादसा टीपी नगर थाना इलाके में हुआ।

जानकारी के मुताबिक, मृतक यशवंत पैकरा की उम्र 28 साल थी और वह कुसमुंडा थाना इलाके के विकास नगर का रहने वाला था। यशवंत पैकरा कुसमुंडा खदान में नीलकंठ ठेका कंपनी में काम करता था। हादसे वाले दिन किसी काम से टीपी नगर क्षेत्र आया था, इसी दौरान उसे भारी वाहन ने चपेट में ले लिया। देवांगन होटल के पास हुए हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई।



इलाके में लगातार हादसे हो रहे हैं। इस बार हुए हादसे के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। आसपास मौजूद लोग भड़क गए और जाम लगाने की भी कोशिश की गई। मौके पर तनाव के हालात बनने की खबर लगते ही सीएसईबी चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंची। लोगों को समझाइश देकर पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

### 3 महीने पहले ही हुई थी शादी

यशवंत पैकरा की मौत से उसके परिवार में शोक की लहर है। परिजन ने बताया कि उसकी शादी को महज 3 महीने की हुए हैं। परिवार वालों ने ट्रेलर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोरबा में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। और कई लोगों की हादसे में मौत भी हो रही है।

## चॉकलेट का लालच देकर बदमाश ने किया बच्ची से दुष्कर्म

**धमतरी (ए)।** 32 वर्षीय एक बदमाश ने 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। उसे चॉकलेट का लालच देकर अपने घर ले जाकर इस घिनौनी घटना को अंजाम दिया है। मामले का खुलासा पीड़िता की दर्द से कराहने से हुई। उसकी मां ने अनहोनी की आशंका पर बच्ची से पूछताछ की, तो रो-रोकर फफकने लगी। इसके बाद परिजन कुरूद थाना पहुंचे। एसडीओपी ने मामले की गंभीरता देख तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर बच्ची का चेकअप करवाया। एफआईआर का आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

टीआई इस घटना के संबंध में कुछ भी बताने से बचती रही, क्योंकि वे प्रेस नोट जारी कर वाहवाही लूटने की तैयारी में थी, लेकिन मामले की गंभीरता देख एसडीओपी ने तुरंत एक्शन लगाया। कुरूद एसडीओपी कृष्णकुमार पटेल ने बताया कि आरोपी किशोर सारथी (32) अंगार निवासी है। 6 साल की एक बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। उसे चॉकलेट खरीदकर देने का लालच दिया। बदमाश युवक के साथ बच्ची गई। इस बीच अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। मारने की धमकी दी। बच्ची रोते हुए घर लौटी।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. __- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### अंगारों पर चले अकीदतमंद, हजारों ने देखा नजारा

**भिलाई।** कर्बला के शहीदों की याद में निजामिया मोहर्रम कमेटी अलावा कमेटी फरीद नगर में अलाव, ताजियादारी और अखाड़े का आयोजन हुआ। करीब 35 वर्षों से बाबा फरीद नगर निजामी चौक अलावा ग्राउंड में हुसैनी दीवाने अपनी मोहब्बत का इजहार अलाव खेलकर कर रहे है। इस साल भी हजारों लोगों ने अंगारों पर चलते अकीदतमंदों को देखा। कमेटी के उस्ताद फैजान अली की निगरानी में यह अलाव हुआ। कमेटी के अध्यक्ष सैयद अजहर अली अधिवक्ता ने मुख्य अतिथि- थाना प्रभारी - सुपेला दुर्गेश शर्मा को हरा गमछा पहनाकर स्वागत किया। विशेष अतिथि गुलाब सिंह पटेल पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन दुर्ग एवं प्रदेश अध्यक्ष- ए.वी.एन.एस का स्वागत निजामिया मोहर्रम अलावा कमेटी के उस्ताद बच्चु भाई उर्फ फैजान अली ने किया।

### कर्बला कमेटी ने जताया आभार

**भिलाई।** मुहर्रम पर कर्बला के शहीदों की याद में 10 दिन के आयोजन बिना किसी बाधा के संपन्न होने पर मुहर्रम कर्बला कमेटी ने शासन-प्रशासन और तमाम कमेटियों का आभार जताया है। कमेटी के सरपरस्त मंसूर इमदादीवाला, रिटायर पुलिस अफसर विरेन्द्र सतपती, सदर पीरजाह शेख गुलाम सैलानी, मुनसफ अली, गुलाम सिद्दिकी, डॉ ऊमर अंसारी, जाफर खान, सैय्यद सिराज, गुलाम उस्मानी, मोहम्मद सलाम जिया उल हक, बरकत अली, नबी गुलाम, मो फैयाज, मोहम्मद नईम और चांद खान सहित तमाम लोगों ने जारी बयान में कहा है कि भिलाई की सरजमीं पर मुहर्रम पूरे अदब व एहतराम के साथ मनाया गया, जिसमें शासन-प्रशासन का सबसे ज्यादा सहयोग रहा। वहीं कमेटियों-अंजुमन ने भी अपनी भागीदारी दी। विधायक देवेन्द्र यादव ने पूरे टाउनशिप की व्यवस्था की कमान खुद संभाली, जिससे पूरा आयोजन बिना किसी बाधा के संपन्न हुआ।

### सुख के सब साथी... गाकर सांसद बघेल ने बांधा समा

**भिलाई।** कोरोनाकाल के दौरान गायकों के आर्थिक सहयोग के लिए स्पर्श अस्पताल द्वारा बनाए गए डॉलफिन ग्रुप के संगीत कार्यक्रम में 15 से ज्यादा डॉक्टर व प्रोफेशनल सिंगर के साथ सांसद विजय बघेल ने भी गीत गाए। मंच पर सांसद ने सुख में सब साथी, दुख में न कोय गीत गाकर समा बांध दिया। इसकी पहली कड़ी से अंत तक तालियां बजती रही। संगीत कार्यक्रम में पहले से डॉ. दीपक वर्मा व अन्य गायक क्रमवार लता, रफी, मुकेश और किशोर के रोमांटिक गीत गा रहे थे, ऐसे में खचा-खच भरे कला भवन से सांसद ने रोमांटिक गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पत्नी के साथ पहुंचे सांसद ने चांद सी महबूबा हो मेरी गाया। गोल्डन मेमोरी ऑफ बॉलीवुड सीजन-3 का यह संगीत कार्यक्रम सिविक सेंटर के कला भवन में शाम 7 बजे से शुरू होकर रात 12 बजे तक चलता रहा। 1500 से ज्यादा लोगों ने पुराने गीतों का आनंद लिया। भवन के अंदर जगह नहीं होने पर संगीत प्रेमियों की मांग पर बाहर टीवी स्क्रीन लगानी पड़ी। कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में वीआईपी भी आम लोगों के साथ कार्यक्रम समाप्त होने तक बैठे रहे। सभी ने बेहतरीन आयोजन के लिए स्पर्श अस्पताल के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. संजय गोयल, चीफ जनरल मैनेजर निखिलेश दावड़ा व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। संजय गोयल ने अस्पताल की एनिवर्सरी पर एक और संगीत कार्यक्रम कराने की घोषणा की।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय घनाराम बंछोर और गैंदलाल बंछोर की प्रतिमा का किया अनावरण

# पाटन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

पाटन। पाटन की धरती स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती है। अंग्रेजों के कुशासन के विरूद्ध आवाज उठाने का साहस इस धरती के सपूतों ने किया। हम उन्हें नमन करते है। यह बात दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दरबार मोखली में आयोजित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कही। यहां पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय घनाराम बंछोर तथा स्वर्गीय गैंदलाल बंछोर की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने दरबार मोखली में 46 लाख 88 हजार रूपए की लागत से जल संसाधन विभाग के नवनिर्मित रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने ग्राम दरबार मोखली और सेमरी एक करोड़ 21 लाख 75 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया।





समारोह को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि मुझे इस बात की गहरी खुशी है कि दरबार मोखली मेरा पड़ोसी गांव है, जहां स्वतंत्रता संग्राम में हमारे पूर्वज शामिल हुए। स्वर्गीय गैंदलाल बंछोर क्षेत्र के पहले वकील थे। गांधी जी से प्रेरणा लेकर वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। उन्होंने उस दौर में छतर सिंह को जो पत्र लिखे हैं उनके विवरण देखे तो पाएंगे कि कितना कठिन संघर्ष हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई के दौरान किया। डॉ. खूबचंद बघेल के गीत 'गजब विटामिन भरे हुए है, छत्तीसगढ़ के बासी मा' गीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज न केवल अंग्रेजों से स्वतंत्रता चाहते थे, अपितु ऐसी व्यवस्था चाहते थे, जिसे अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति गौरव हो।

हमने अपने पूर्वजों के दिखाए रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने की दिशा में कार्य किया है। हमने बोरे-बासी दिवस मनाकर छत्तीसगढ़ की खान-पान परम्परा तथा मेहनतकश संस्कृति का उत्सव मनाया है। आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी सुंदर और विशिष्ट संस्कृति को लेकर हुई है। हमने अपने गीत-संगीत, कला, कौशल को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। पहली बार आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें देश-विदेश के कलाकारों ने हिस्सा लिया।

हम छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पौराणिक धरोहरों को सहेजने का कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक जिले में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं, जो हमारे पूर्वजों का सपना था वो अब पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल की 100वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बना था, लेकिन राज्य बनने का सही मायने में एहसास अब हुआ, जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं की चर्चा भी की। साथ ही विविध क्षेत्रों में हुए सकारात्मक बदलाव की चर्चा भी की। उन्होंने दरबार मोखली में हाई स्कूल के उन्नयन व शीतला तालाब के सौंदर्यीकरण की घोषणा भी की। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नद्रष्टा डॉ. खूबचंद बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को विस्तार पूर्वक रेखांकित किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गैंदलाल बंछोर और स्वर्गीय घनाराम बंछोर के जीवनी पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा, जनपद पंचायत पाटन के उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती वेदना वर्मा, सभापति महिला बाल विकास श्रीमती दुर्गा नेताम, सरपंच आशीष बंछोर, शंकर बघेल एवं राजेश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## बादलों की भांति कवि झुकते हैं-आचार्य डॉ.शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साहित्य सृजन परिषद् भिलाई की पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्य-संस्कृति मर्मज्ञ और लेखक आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सुपेला स्थित एक विद्यालय में किया गया। इस दौरान डा.शर्मा ने बताया कि जैसे वर्षा में बादल झुक जाते हैं वैसे ही कवि भी विनम्र होते हैं। परिषद् के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि एन.एल.मौर्य 'प्रीतम' ने अध्यक्षीय आसन्दी से कहा कि उन्हें खुशी है कि इस पावस काव्य गोष्ठी में कवियों और कवयित्रियों ने कविता और गीतों की ऐन्द्रधनुषी छटा बिखेरी और काव्य रस एवं रंगो से सबको सरावोर करदिया। श्रीमती आशा झा की सस्वर सरस्वती वन्दना से शुभारम्भ हुआ। उपाध्यक्ष एवं कवि रामबरन कोरी 'कशिश' ने स्वागत भाषण दिया और 'हजल' सुनाकर सबको हँसाया भी। आयोजन स्थल इन्दिरा गांधी विद्यालय, रामनगर, सुपेला के संस्थापक एवं शिक्षाविद् काशीनाथ वर्मा ने आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा का शाल-श्रीफल से अभिनन्दन करते हुए कहा कि वे हमेशा ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग करते रहेंगे।

विशिष्ट अतिथि प्रीति सरू ' गुन गुन ' ने वर्षा पर कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। प्रसिद्ध शायर मुमताज़ ने व्यंग्य , सोनिया सोनी ने श्रृंगार, डा.बीना सिंह 'रागी' ने हास्य-व्यंग्य , प्रकाश मण्डल ने वर्षा एवं वरिष्ठ पत्रकार और खुशमिजाज़ कवि प्रदीप भट्टाचार्य आदि ने शानदार और जानदार काव्य पाठ कर रसिकों की खूब तालियां बटोरीं।

वहीं आशा परशुराम, डा.नीलकंठ देवांगन , आलोक नारंग , गजेन्द्र द्विवेदी ' गिरीश ' , नावेद रज़ा ' 'दुर्गवी' , इस्माइल आज़ाद , हाज़ी रियाज़ ख़ान , चन्द्र कुमार वर्मा , हेमन्त कुमार निषाद , विजय कुमार , टी.एन.कुशवाह ' अंजन ' ,छत्तीसगढ़ी एवं उर्दू भाषा प्रधान चुनिन्दा कविताओं से पावस काव्य गोष्ठी को नयी ऊँचाईयां प्रदान कीं।

## विजय कारगिल दिवस पर नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल ने किया जांबाज सिपाही और समाज प्रमुखों को सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नेशनल ह्यूमन वेलफेयर कॉउंसलिंग द्वारा विजय कारगिल दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध के जांबाज सिपाही एसएनजी कमांडो पैराशुट रेजीमेंट यूनिट सेवानिवृत्त नरेंद्र देशमुख को श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



इस दौरान अन्य समाज प्रमुखों में बीएसपी के श्रमिक नेता ठाकुर गजेंद्र सिंह, छ.ग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण सदस्य विजय साहू, रजनी रजक, योगाचार्य अरुण पंडा, क्रिश्चयन समाज सैमुअल डेविड, उत्कल समाज सुंदर जय तांडी, काली बाड़ी बंगाली समाज संजय दत्ता, अजय सिन्हा, सुशील सील, मुस्लिम समाज से तमजीद अहमद, दुर्गेश ताम्रकार, कांग्रेस नेता इमरान अंसारी, संजय श्रीवास्तव, लोजपा से मुकेश वर्मा, उत्कर्ष फायनेंस संजीव राय, ललित पाल, अज्जू, नीरज सोनी, बाला, सुरेन्द्र सिंह बेदी, शंकर नेताम, अरुण कुर्रे, हलधर साहू, राम सिंह, बृजेश राय, अमित चंद्राकर, गोपाल राव, हनुमान उपाध्याय, राकेश मिश्रा, अश्वनी सिंग, रजत वर्मा, भरत लाल यादव को भी सम्मानित किया गया। चेयरमेन तरुण निहाल ने बताया कि समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को हमारी संस्था द्वारा उन्हें सम्मानित कर उनके हौसलों को सलाम करती है। कार्यक्रम में राजू रजक समेत अन्य लोग शामिल थे।

## आर्टकॉम का अभियान हर आंगन एक पेड़ स्मृति नगर में हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की समाज सेवी संस्था आर्टकॉम समाज के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाते हुए निरंतर वृक्षारोपण का कार्य कर रही है जिसके तहत आज स्मृति नगर मार्केट में महिला समाज के नेतृत्व और सी.ए. प्रदीप पाल के सहयोग से टीम आर्टकॉम ने हर आँगन एक पेड़ तहत वृहद वृक्षारोपण किया द्य संस्था संचालक निशु पाण्डेय ने बताया कि आर्टकॉम नित नये जगह पर अलग अलग संस्थाओं के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर रही है और लागये पौधों संरक्षित करने सभी लोगों को प्रण दिलाया जा रहा है। इसी के तहत आज लगाए गये पौधों



को बचाने हेतु महिला समाज की महिलाओं ने व मार्केट के दुकानदारों ने पौधों में पानी डालने और बचाने के साथ साथ हर आँगन एक पेड़ अभियान को हर क्षेत्र तक पहुचाने हेतु प्रण लिया। संस्था के शारदा गुप्ता ,मदन सेन , अभिताभ भट्टाचार्य बंटी नाहर ने इस अभियान को सोशल मीडिया से हर आँगन एक पेड़ अभियान को देश के अन्य हिस्सों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी ली है । इस अवसर पर महिला समाज की सेक्रेटरी मंजू पॉल ,जॉइन सेक्रेटरी तृप्ति अग्रवाल ,ट्रेजरार उषा मिश्रा , उषा श्रीवास्तव ,सिमा कपूर , कमल चक्रबर्ति , स्वाति परिहार ,अन्नू सोनी ,ममता द्विवेदी ,उर्मिला उपाध्याय , शिवांगी पाल, मंतव्य विक्रम ,प्रदीप पटनायक , संदीप चौधरी और संस्था आर्टकॉम के सभी सदस्यगण पाजीकरमजीत सिंह , डॉ रमेश श्रीवास्तव , अमिताभ भट्टाचार्य, गुरनाम सिंह ,संजय तिवारी , डॉ प्रदीप चौधरी,श्रीनिवास मिश्रा , बंटी नाहर , श्री राम , भास्कर तिवारी ,शारदा गुप्ता , मदन सेन , पारस जंघेल, विजय गुप्ता ,लखविंदर सिंह ,विजय चौधरी , जीवन शर्मा , सुदेश , राकेश अग्रवाल ,चट्टान सिंग , निशु कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे ।

## 285 शक्ति केंद्र और 1433 बूथों में भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें दुर्ग जिला संगठन के 165 शक्ति केंद्र और 790 बूथ में भाजपा के कार्यकर्ता और नेता जुटे।

जहां उन्होंने मोदी के मन की बात सुनी। इसी प्रकार भिलाई जिला संगठन में 120 शक्ति केंद्र और 643 बूथ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रकार पूरे जिले में 285 शक्ति केंद्र और 1422 बूथ में कार्यक्रम हुए। इसके अलावा भाजपा के नेताओं और पदाधिकारियों ने अपने निवास में आयोजन किया। आयोजन में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। खम्हरिया में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भी शामिल हुए। दुर्ग में भाजपा कार्यालय और अन्य जगहों पर कार्यक्रम हुआ । 13 मंडलों की बस्तियों, वार्ड एवं गांवों के बूथों में कार्यक्रम हुए। जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा सहित आदि लोग शामिल हुए।

## 98 लाख की लागत से सेक्टर 4 व 10 में होगा सौदर्यीकरण विधायक देवेन्द्र व महापौर नीरज पाल ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शहर में स्मार्ट सिटी की तर्ज पर इस्मार्ट रोड का निर्माण किया जाएगा जहां स्पोर्ट्स एक्टिविटीज की भी सुविधा होगी बैडमिंटन कोर्ट वाली बालको आदि एक और भी बनाए जाएंगे जहां लो खेल का अभ्यास कर सकेंगे और स्मार्ट सड़क से शहर की स्मार्टनेस बढ़ेगी। जिसका आज भूमिपूजन किया गया।



सेक्टर 4 हनुमान मंदिर मार्केट के समीप सेंट्रल एवेन्यू से मार्केट स्कूल के चारों ओर सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही सेक्टर 10 में राजेश सुपर बाजार के पास और सेंट्रल एवेन्यू से फॉरेस्ट एवेन्यू तक एवं अरविंद गैस एजेंसी से बी मार्केट तक सौदर्यीकरण का कार्य या जाना है।

जिसका आज भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, शहर के महापौर नीरज पाल, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व वार्ड के वरिष्ठ सम्मानित नागरिकों के हाथों से भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। भूमि पूजन के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जनता की मांग पर लगातार शहर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। शहर के एक भी वार्ड नहीं है जहां विकास कार्य ना हुआ हो। लगातार शहर के सभी वार्डों में जनता की मांग के अनुसार मूलभूत सुविधाओं के अलावा सौंदर्यीकरण, खेल मैदान, उद्यान आदि बनाए जा रहे हैं।

महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन के दौरान कहा कि शहर का विकास हमारी प्राथमिकता है। जनता की मांग पर आज sector-y मार्केट हनुमान मंदिर के पास सुंदरीकरण का कार्य का भूमि पूजन किया गया है। जिसका विकास कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

पंडित ने मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम विधि विधान के साथ सम्पन्न करवाया। उसके बाद सभी वरिष्ठ जनों ने कुदाली चलाकर भूमि पूजन किया। श्री फल तोड़े और प्रसाद फूल फल अर्पित किए। फिर सभी को विकास कार्य की बधाई दी और मिठाई खिलाए।

इसी प्रकार सेक्टर 3 में भी भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां वार्ड के वरिष्ठ हुआ सम्मानित नागरिकों के साथ मिलकर महापौर और विधायक ने भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न किया। सेक्टर 4 में 98 लाख की लागत से स्कूल के चारों और सुंदरीकरण किया जाएगा वहीं सेक्टर 10 सेंट्रल एवेन्यू से फॉरेस्ट एवेन्यू तक अरविंद गैस एजेंसी से भी मार्केट तक 70 लाख की लागत से सुंदरीकरण कार्य किया जाएगा जिस का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, विधायक के कानून सलाहकार प्रदीप दास, पार्षद राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा, पार्षद ईश्वरी नेताम, वरिष्ठ पार्षद सुभद्रा सिंह, अनिल सिंह, पार्षद सेवन कुमार, संजय साहू, इमरान अंसारी, हलधर, सौरव मिश्रा, देवेंद्र, विजय, लोकेश कुमार, आशीष यादव, गोल्डी, अरूणा राव, लक्ष्मी वर्मा, जयदीप वासुदेव, अक्षय कुर्रे, गुरुमुख सिंह, विकास वर्मा सुशील देवांगन तुषार प्रणय, सौरभ दत्ता उपस्थित रहे।

### वोरा निवास में 50 से अधिक महिलाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

## सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पूरे देश में बनी मॉडल : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कांग्रेस शासन में दुर्ग शहर व छत्तीसगढ़ में हो रहे चहुँमुखी विकास कार्य से प्रभावित हो कर आज 50 से अधिक महिलाओं ने वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा के निवास कार्यालय पहुँच कर दुर्ग शहर महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।



वोरा ने सभी को कांग्रेसी गमछा पहना कांग्रेस की रीति नीति अनुरूप सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने सभी वर्गों के लिए विकास को सहीं मायनों में परिभाषित किया है।

कांग्रेस ने यह साबित किया है कि विकास केवल कांक्रीट के स्ट्रक्चर खड़ा करना नहीं बल्कि लोगों को समस्याओं को समझना और उसका निराकरण करना भी है। नीतियों का मतलब तब है, जब इससे जनजीवन के स्तर में सुधार आए। हमनें न केवल नीतियाँ बनाई है, बल्कि उन्हें अक्षरशः धरातल पर भी उतारा है। महात्मा गांधी के स्वप्न को लेकर शासन ने साढ़े चार वर्ष में यह साबित किया है कि केवल शहरी विकास ही विकास नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना, छत्तीसगढ़ को असल मायनों में आगे बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महतारी की गरिमा को पुनर्स्थापित किया गया है। प्रदेश की कला, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षण देते हुए, 'नवा छत्तीसगढ़' की तस्वीर दुनिया को दिखलाई है।

इस बदलते छत्तीसगढ़ को दुनिया ने देखा, और सराहा है। वोरा ने कहा कि माताओं एवं बहनों की भावनाओं की अभिव्यक्ति से अभिभूत हूँ। सभी के जुड़ाव से संगठन को और मजबूती मिलेगी और हम सब मिल कर 'नवा छत्तीसगढ़' की संकल्पना को साकार करेंगे। साथ ही अब की बार 75 से भी अधिक सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950